RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच




वर्ष : 26 | अंक : 204 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, मंगलवार, 16 जुलाई, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

# डोडा में पांच जवान शहीद

## शहीदों में एक कैप्टन भी शामिल, जंगलों में आतंकियों की तलाश में सर्च अभियान

**जम्मू-कश्मीर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में आतंकवादियों के साथ एनकाउंटर में गंभीर रूप से घायल हुए एक अधिकारी सहित 5 जवानों की मंगलवार तड़के इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई।

एजेंसी ने अधिकारियों के हवाले से बताया कि मुठभेड़ तब हुई जब राष्ट्रीय राइफल्स और जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह (SOG) के जवानों ने सोमवार देर शाम डोडा शहर से लगभग 55 किलोमीटर दूर देसा वन क्षेत्र में धारी गोटे उरारबागी में एक संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया।


अभियान शुरू होने के थोड़ी देर की गोलीबारी के बाद आतंकवादियों ने भागने की कोशिश की। एक अधिकारी के नेतृत्व में बहादुर सैनिकों ने चुनौतीपूर्ण इलाके में घने जंगलों के बीच उनका पीछा किया, जिसके बाद रात 9 बजे के आसपास जंगल में एक और मुठभेड़ हुई। अधिकारियों ने बताया कि इस मुठभेड़ में पांच जवान गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। मंगलवार सुबह इलाज के दौरान सभी ने दम तोड़ दिया। शहीद जवानों में सेना का एक अधिकारी और तीन सैनिक व जम्मू-कश्मीर पुलिस का एक कर्मी शामिल है।



### घाटी में पांचवीं मुठभेड़

जम्मू डिवीजन के डोडा में यह एक महीने के अंदर आतंकियों के साथ मुठभेड़ की पांचवीं घटना है। इससे पहले 9 जुलाई को भी एक एनकाउंटर हुआ था। पिछले महीने 26 जून को एक आतंकी हमला हुआ था और 11-12 जून को दो हमले हुए थे। इन सभी हमलों के बाद आतंकियों और जवानों के बीच मुठभेड़ हुई थी। पिछले महीने 11 जून को आतंकियों ने डोडा के भद्रवाह-पठानकोट मार्ग पर 4 राष्ट्रीय राइफल्स और पुलिस की जॉइंट चेकपोस्ट पर फायरिंग की थी, जिसमें सेना के 5 जवान और एक स्पेशल पुलिस ऑफिसर (SPO) घायल हो गए थे। इस हमले की जिम्मेदारी भी आतंकवादी संगठन कश्मीर टाइगर्स ने ली थी।

### बलिदान का बदला जल्द लेंगे : उपराज्यपाल



जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने डोडा मुठभेड़ में बलिदान हुए सेना और पुलिस के जवान के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि सैनिकों की शहादत का बदला जरूर लेंगे।

उपराज्यपाल ने कहा, 'डोडा जिले में हमारे सेना के जवानों और जेकेपी कर्मियों पर हुए कायरतापूर्ण हमले के बारे में जानकर मुझे गहरा दुख हुआ है। हमारे देश की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान देने वाले बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजलि। शोक संतप्त परिवारों के सदस्यों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं।' कहा, 'हम अपने सैनिकों की मौत का बदला लेंगे और आतंकवादियों और उनके सहयोगियों के नापाक मंसूबों को नाकाम करेंगे। मैं लोगों से आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एकजुट होने और हमें सटीक जानकारी प्रदान करने का आह्वान करता हूं ताकि हम आतंकवाद विरोधी अभियानों को तेज कर सकें और आतंकी पारिस्थितिकी तंत्र का अंत कर सकें।'

मुठभेड़ में कैप्टन बृजेश थापा, नायक डी राजेश, सिपाही विजेन्द्र व अजय सिंह शहीद हो गए। शहीद हुए अजय सिंह झुंझनु (राजस्थान) के रहने वाले थे उनका पार्थिव शरीर कल पैतृक आवास में लाया जाएगा। अजय की शहादत के बाद परिवार में मातम है। 16 आर्मी कोर, जिसे (शेष पृष्ठ-3 पर)

## मुख्यमंत्री योगी ने बुलडोजर का एक्शन रोका, उजड़ने से बचे परिवार



**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से इस समय बड़ी खबर सामने आ रही है। खबर है कि लखनऊ में पंतनगर, खुर्रमनगर, अबरार नगर समेत कुकरैल नदी किनारे में रहने वाले लोगों के लिए राहत भरी खबर है। दरअसल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पंत नगर, खुर्रम नगर और अबरार नगर में कुकरैल नदी के किनारे बने मकानों को नहीं गिराने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि मौजूदा 35 मीटर की चौड़ाई पर्याप्त है, इस सीमा के भीतर कोई भी संरचना प्रभावित नहीं होगी। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से यह जानकारी दी गई है। यह फैसला योगी ने अफसरों के साथ हुई बैठक में लिया है।

आपको बता दें कि योगी सरकार ने सैकड़ों परिवार के घर उजड़ने से बचा लिए है। इस खबर के आते ही इलाके के निवासियों ने जमकर जश्न मनाया और सीएम को धन्यवाद दिया। दरअसल कुकरैल रिवरफ्रंट के दायरे में अकबरनगर के बाद आए रहीमनगर, खुर्रमनगर, पंतनगर, इंद्रप्रस्थ नगर और अबरार नगर के लोग अपने घरों को अवैध बताकर लाल निशान लगाए जाने से गुस्से और गम में थे। इसके विरोध में लोगों ने प्रदर्शन करना शुरू कर दिया था।

जब इस मामले ने तूल पकड़ लिया तो यह बात सीएम योगी तक पहुंची। जिसके बाद इस मामले को लेकर उन्होंने अधिकारियों के साथ सोमवार को बैठक की। बैठक के बाद सीएम ऑफिस की ओर से निर्देश दिया गया कि पंतनगर, खुर्रम नगर और अबरार (शेष पृष्ठ-3 पर)

## पार्किंग को लेकर हाईराइज सोसायटी में बवाल

### एओए पदाधिकारी को पीटा, बुजुर्ग के सर पर मारी कुर्सी

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के प्रिसटीन एवेन्यू सोसाइटी में अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन (एओए)के पदाधिकारी व रेजिडेंस के बीच मारपीट हो गई। सोसायटी के एग्जिट गेट पर गाड़ी खड़ी करने को लेकर दोनों पक्षों के बीच वाद-विवाद हुआ जो मारपीट में तब्दील हो गया। थाना बिसरख पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

एओए के अध्यक्ष डॉ सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि 6 जुलाई को सोसायटी के एग्जिट गेट के रास्ते में दो गाड़ियां खड़ी हुई थी। सोसायटी के सिक्योरिटी इंचार्ज ने



वाहन स्वामियों से गाड़ी हटाने को कहा लेकिन उन्होंने गाड़ी नहीं हटाई। इस पर सिक्योरिटी इंचार्ज ने पुलिस बुलाकर गाड़ियों को हटवा दिया। पुलिस द्वारा गाड़ी हटवाने से नाराज अभिषेक, सुरेश पाल मौके पर पहुंच गए और उन्होंने एओए के पदाधिकारी के साथ गाली-गलौज और धक्का मुक्की शुरू कर दी। दोनों आरोपियों ने एओए के सदस्य कमल चौधरी के साथ लाठी-डंडों से मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया।

अभिषेक सिंह ने एग्जिट गेट के बाहर रखी कुर्सी उठाकर सीनियर सिटीजन पीके शर्मा को मार दी। इस दौरान अभिषेक सिंह ने सोसाइटी में बाहरी लोगों को भी बुला लिया। वहीं अभिषेक सिंह ने दर्ज रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि वह कुछ लोगों के साथ गाड़ी खड़ी करने को लेकर बातचीत कर रहे थे। इस दौरान सुरेश कुमार सिंह, कमल चौधरी, ईश्वर सिंह, पीके शर्मा आदि ने उनके साथ अभद्र व्यवहार कर मारपीट करने का प्रयास किया। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## हैवान बना पति, सामूहिक बलात्कार करवाने की दी धमकी

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** दहेज की मांग पूरी न होने पर युवक व उसके परिजनों ने विवाहिता का उत्पीड़न शुरू कर दिया। पति इस कदर हैवान हुआ कि उसने अपनी पत्नी को सामूहिक बलात्कार किए जाने की धमकी दे डाली। पीड़िता की मां ने थाना दादरी में छह लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है।

दादरी निवासी अफसाना (काल्पनिक नाम) ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उनकी बेटी मेहरूनिशा (काल्पनिक नाम) की शादी 4 दिसंबर 2023 को जनपद बुलंदशहर निवासी जीशान के साथ मुस्लिम



रीति रिवाज के साथ संपन्न हुई थी। शादी में उन्होंने 25 लाख रुपए से अधिक का खर्च कर लाखों रुपए के जेवरात भी दिए थे। इसके बावजूद भी उनकी बेटी के ससुराल वाले संतुष्ट नहीं थे और उन्होंने कुछ समय बाद ही कम दहेज लाने के लिए उत्पीड़न करना शुरू कर दिया।

अफसाना के मुताबिक उसकी बेटी को तरह-तरह से शारीरिक व मानसिक यातनाएं दी (शेष पृष्ठ-3 पर)

### कांवड़ यात्रा-2024

## गाजियाबाद-नोएडा पुलिस ने तैयार किया ट्रैफिक डायवर्जन

● भारी वाहनों का डायवर्जन 22 जुलाई से

**नोएडा/गाजियाबाद (चेतना मंच)।** कांवड़ यात्रा को लेकर नोएडा व गाजियाबाद कमिश्नरेट पुलिस ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। गाजियाबाद में 22 जुलाई 2024 की रात 12.00 बजे से भारी वाहनों का रूट डायवर्जन किया जाएगा। नोएडा कमिश्नरेट ट्रैफिक पुलिस ने भी दिल्ली गाजियाबाद पुलिस के साथ समन्वय करके ट्रैफिक डायवर्जन प्लान तैयार किया है।



नोएडा कमिश्नरेट पुलिस के डीसीपी ट्रैफिक अनिल कुमार यादव ने बताया कि कांवड़ यात्रा को लेकर सभी क्षेत्रों में समन्वय बैठकें हो चुकी हैं। हमारे विभागों की आंतरिक बैठकें भी हो चुकी हैं। कांवड़ यात्रा के पारंपरिक मार्गों की पहचान कर ली गई है और उन पर साफ-सफाई और सुविधाएं सुनिश्चित की जाएंगी। दिल्ली और गाजियाबाद के साथ समन्वय करके ट्रैफिक डायवर्जन प्लान तैयार किया गया है। व्यापक योजना तैयार होने के बाद इसे लागू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कावंड़ यात्रा के दौरान एनएच-91 पर एक तरफ कांवड़ यात्रा होती है और दूसरी तरफ ट्रैफिक चलता है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## जब्त वाहनों को अवमुक्त करना नहीं होगा आसान

**नोएडा (चेतना मंच)।** जनपद में 11 जुलाई से शुरू वाहनों का विशेष चेकिंग अभियान में जब्त वाहनों को अवमुक्त कराने की प्रक्रिया काफी जटिल कर दी गयी है।

**परिवहन आयुक्त ने जारी की गाइडलाइन, सख्ती से पालन करने के दिए निर्देश**

प्रदेश के परिहवन आयुक्त चन्द्रभूषण सिंह ने इस बाबत प्रदेश के सभी आरटीओ तथा एआरटीओ को पत्र भेजा है। भेजे पत्र में कहा गया है कि जब्त वाहनों को तब तक अवमुक्त न किया जाए जब तक संभागीय निरीक्षक निरीक्षण के बाद यह प्रमाण-पत्र न दे दे कि वाहन बाडी कोड के अनुरूप पंजीकृत/भौतिक रूप में है। पत्र में कहा गया है कि पंजीयन अधिकारी/सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) का यह दायित्व होगा कि वे निरूद्ध वाहन को बस बाडी कोड के अनुरूप नहीं पाये जाने पर वाहन स्वामी के विरूद्ध मोटरयान अधिनियम की (शेष पृष्ठ-3 पर)

## नोएडा के पूर्व मरीन कमांडो ने दिखाई बहादुरी, डूबते युवक के लिए बने देवदूत

**गाजियाबाद (चेतना मंच)।** नोएडा के जलवायु विहार के निवासी तथा नेवी के पूर्व मरीन कमांडो डी एस नेगी की बहादुरी की चर्चा आज नोएडा से लेकर गाजियाबाद तक हो रही है। नोएडा के इस बहादुर पूर्व मरीन कमांडो ने अपनी जान पर खेलकर नाले में डूब रहे एक युवक जान बचाई है। गाजियाबाद में वसुंधरा के निकट एक नाले में डूब रहे एक युवक को बचाने के लिए नेवी के पूर्व मरीन कमांडो डी एस नेगी ने अपनी जान जोखिम में डालकर ने केवल नाले में छलांग लगाई बल्कि उसे बचा कर बाहर भी ले आये।



उस समय अधिकतर लोग डूबते युवक का वीडियो बना रहे थे जबकि मरीन कमांडो ने देवदूत की तरह बिना देर किए नाले में छलांग लगा कर उसे अकेले ही बाहर निकाला। पूर्व मरीन कमांडो डी एस नेगी जलवायु विहार के निवासी थे और इस दिनों गाजियाबाद के इंदिरा पुरम में रह रहे है। नेवी में मरीन कमांडो रहे डी एस नेगी ने बताया कि यह घटना सोमवार (शेष पृष्ठ-3 पर)

## मासूम बच्चे का हाथ मरोड़ा, गालियां दी

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा की हाईराइज सोसायटी में पड़ोसी ने 13 साल के बच्चे का बुरी तरह से हाथ मरोड़ दिया और जमकर उसे गालियां दी। सोसायटी वासी की इस हरकत के बाद 13 साल का मासूम बच्चा सदमे में है। बच्चे के पिता ने थाना बिसरख में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित ट्रिडेंट एंबेसी सोसाइटी में रहने वाले राहुल देव सिंह ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि पड़ोस में रहने वाले हेमंत कार्तिक ने बिना बात उनके (13 वर्षीय) बेटे के साथ गाली-गलौज की। उनके बेटे ने जब गाली गलौज का विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट कर उसका हाथ मरोड़ दिया। इस घटना के बाद से उसका बेटा गहरे सदमे में है। वहीं मासूम बच्चों के साथ हुई इस हरकत पर सोसायटीवासियों ने भी गहरी नाराजगी जाहिर की है। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच पड़ताल की जा रही है।

## नाबालिग ई-रिक्शा चलाते मिले, किये सीज

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-20 क्षेत्र में यातायात पुलिस द्वारा चलाए गए अभियान के दौरान दो नाबालिग ई-रिक्शा चलाते हुए मिले। पुलिस ने दोनों ई-रिक्शा को सीज कर वाहन स्वामियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि रजनीगंधा चौराहे पर ई-रिक्शा को जांच के लिए रोका गया। जांच में पता चला कि ई-रिक्शा चालक नाबालिग है। इसके बाद ई-रिक्शा को एमवी एक्ट के तहत सीज किया गया ई-रिक्शा स्वामी सिकंदर आजम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।



ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर नरेश पाल पवार ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि रजनीगंधा चौराहे पर ही एक अन्य ई-रिक्शा चालक को जांच के लिए रोका गया। जांच में ई-रिक्शा चालक नाबालिग निकला। ई-रिक्शा चालक की मां को मौके पर बुलवाकर नाबालिग को उनके सुपुर्द किया गया और ई-रिक्शा को एमवी एक्ट की धारा-207 के तहत सीज कर दिया गया। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## जाम लगाने पर बस चालक के विरूद्ध एफआईआर

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा एलिवेटेड रोड पर चालक की लापरवाही से हुए हादसे के बाद ट्रैफिक पुलिस द्वारा बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया। चालक की लापरवाही की वजह से बस एलिवेटेड रोड की रेलिंग पर चढ़ गई थी इस कारण एलिवेटेड रोड पर लंबा जाम लग गया था।

यातायात पुलिस के उप निरीक्षक योगेश कुमार सिंह ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि सेक्टर-7 की तरफ से एलिवेटेड रोड पर एक बस सेक्टर-18 की तरफ आ रही थी। चालक की लापरवाही तथा तेज गति होने के कारण बस अनियंत्रित




होकर एलिवेटेड रोड की रेलिंग पर चढ़ गई। इस हादसे में एलिवेटेड रोड पर लगी रेलिंग टूट गई और चालक व परिचालक घायल हो गए। हादसे के बाद एलिवेटेड रोड पर लम्बा जाम लग गया जिससे लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ा। यातायात उप निरीक्षक योगेश कुमार सिंह की शिकायत पर थाना सेक्टर-20 पुलिस ने बस चालक राकेश पुत्र वीरपाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## नोएडा भाजपा कार्यसमिति की बैठक 24 को!

**नोएडा (चेतना मंच)।**

लोकसभा चुनाव के बाद दो दिन पूर्व लखनऊ में पहली बार हुई भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यसमिति की बैठक के बाद अब जिला तथा नोएडा महानगर कार्यसमिति की भी बैठक होगी। भाजपा की नोएडा महानगर कार्यसमिति की बैठक 24 जुलाई को होनी प्रस्तावित है।

24 जुलाई को होने वाली कार्यसमिति की बैठक कई मायनों में खास है। इस बैठक में भाजपा नोएडा महानगर में रिक्त चल रहे दो महामंत्रियों की औपचारिक नियुक्ति की जाएगी। वहीं उपाध्यक्ष

**'दो महामंत्री समेत उपाध्यक्ष तथा मंत्री के पदों पर होगा फेरबदल**

**'चुनाव में निष्क्रियता बरतने वालों के कतरे जाएंगे पर, सक्रिय की होगी ताजपोशी!**



व मंत्री के कुछ पदों में फेरबदल भी होगा। यह नियुक्ति प्रदेश हाईकमान के निर्देश पर होगी।

पार्टी के सूत्रों की माने तो लोकसभा चुनाव के दौरान जिन पदाधिकारियों की भूमिका निष्क्रिय पाई गई उनके पर कतरे जांएगे। ऐसे पदाधिकारियों को पदों से विदाई करके कर्मठ तथा सक्रिय कार्यकर्ताओं को वह जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।

पार्टी के सूत्रों की माने तो भाजपा नोएडा महानगर जिला कमेटी में दो नये महामंत्रियों की नियुक्ति की जाएगी। इसके अलावा उपाध्यक्ष व मंत्री के चंद पदों में फेरबदल किया जाएगा। इस बाबत भाजपा प्रदेश कमेटी ने अपनी औपचारिक मंजूरी प्रदान कर दी है। 24 जुलाई को कार्यसमिति की बैठक में नये पदो के नियुक्ति की घोषणा की जाएगी।

सत्र 2024 -2025 के लिए एडमिशन प्रक्रिया शुरू
स्कूल कोड 09100110910
सरस्वती ग्लोबल स्कूल
सेक्टर 22 नोएडा


फ़ोन .08750611103

## दबाव में सरकार

प्रधानमंत्री मोदी अपने तीसरे कार्यकाल में अधिक दबाव और तनाव में रहेंगे। बुनियादी कारण यह है कि भाजपा के पक्ष में सामान्य बहुमत नहीं है, लिहाजा गठबंधन का सहारा लेना पड़ा है। पहले दो कार्यकालों में अकेली भाजपा को लबालब बहुमत हासिल था, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने एनडीए को बरकरार रखा और कैबिनेट में भी स्थान दिया था। अब स्थितियां ऐसी नहीं हैं कि प्रधानमंत्री के करिश्मे और प्रभाव से ही सब कुछ संचालित होता रहे। चुनाव लड़ना और जीतना 'बायें हाथ का खेल' समझा जाए। बेशक देश के 20 से अधिक राज्यों और केंद्रशासित क्षेत्रों में भाजपा-एनडीए की सरकारें हैं। संसद के दोनों सदनों में सर्वाधिक सांसद हैं। विधायक भी सबसे अधिक हैं। इनके बावजूद प्रधानमंत्री का दबाव और तनाव में रहना तार्किक न लगे, लेकिन हालात ऐसे ही बनते जा रहे हैं। सबसे पहले तेलुगूदेशम पार्टी (टीडीपी) को ही लें, जिसके 16 लोकसभा सांसदों का समर्थन मोदी सरकार के स्थायित्व के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। टीडीपी अध्यक्ष एवं आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू बीते दिनों दिल्ली प्रवास पर थे। उन्होंने सरकार से एक लाख करोड़ रुपए का आर्थिक पैकेज तुरंत मांगा था। उसमें से 50,000 करोड़ रुपए उन्हें अविलंब चाहिए थे, क्योंकि आंध्र की नई राजधानी अमरावती और दूसरे रूटीन के खर्चों के लिए उन्हें धन की आवश्यकता थी। आंध्र भारी कर्ज के बोझ तले दबा है। चंद्रबाबू की इस मांग पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने असमर्थता जताई कि इतने अतिरिक्त धन की व्यवस्था देखनी पड़ेगी। नायडू ने प्रधानमंत्री से मिल कर आग्रह किया कि एक कमेटी बनाई जाए, जिसकी अध्यक्षता उन्हें सौंपी जाए। चंद्रबाबू के ये तेवर ही मोदी सरकार पर दबावों की शुरुआत हैं। बिहार में 'विशेष राज्य के दर्जे' की मांग मजबूत होती जा रही है। घटक दलों के नेताओं के बयान आ रहे हैं कि यह बिहार का बुनियादी अधिकार है। बिहार से जद-यू के 12 सांसद हैं। उन्हें भी जानकारी है कि यह दर्जा दिया जाना कानूनन संभव नहीं है, क्योंकि वित्त आयोग इस व्यवस्था को 2014 में ही निरस्त कर चुका है। बहरहाल गठबंधन में दरार, दरकने और टूटने के कोई आसार नहीं हैं, लेकिन स्थानीय स्तर पर गठबंधन में अलगाव आने लगता है, तो राष्ट्रीय स्तर पर गठबंधन कैसे और कब तक बरकरार रह सकता है? संसद का बजट सत्र 22 जुलाई से शुरू हो रहा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 जुलाई को सदन में बजट पेश करेंगी। उसके मद्देनजर भारतीय मजदूर संघ, भारतीय किसान संघ और स्वदेशी जागरण मंच ने अपने-अपने मांग-पत्र वित्त मंत्री को सौंपे हैं। ये सभी संगठन आरएसएस के हैं, लिहाजा उनकी मांगों को यूं ही नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। ऐसे कई और भी संगठन होंगे, जो बजट में अपनी मांगों को पूरा कराना चाहते होंगे! इसके अलावा, राजनीति और चुनावों के अलग तनाव और दबाव हैं। आम चुनाव, 2024 से लेकर हालिया 13 उपचुनावों तक जनादेश 'भाजपाई' नहीं रहा है। लोकसभा में भाजपा के 63 सांसद पराजित हुए हैं और 10 उपचुनाव विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के पक्ष में रहे हैं। भाजपा के हिस्से मात्र दो जीत ही आई हैं। अभी तो उप्र में कई सीटों पर उपचुनाव होने हैं। इसी अक्तूबर-नवंबर में हरियाणा, महाराष्ट्र और झारखंड राज्यों में विधानसभा चुनाव होंगे। भाजपा का वर्चस्व दांव पर है। अब लगता है कि ध्रुवीकरण, दलबदलुओं, हिंदुत्व, सांप्रदायिकता आदि से चुनाव जीते नहीं जा सकते। अब भाजपा को रणनीति बदलनी पड़ेगी। अब भाजपा को पूरी ताकत, दिमाग, विचारधारा और काडर के सहयोग से चुनाव लड़ने होंगे, तभी राजनीतिक हैसियत बरकरार रह सकती है। हालांकि जो चुनाव होने हैं, वे देश की सत्ता को बिल्कुल भी प्रभावित नहीं करेंगे। यदि राज्यों में भी हार होती है, तो उनसे भाजपा की ताकत क्षीण ही होती है। अब यह भी विमर्श का बिंदु बन गया है कि प्रधानमंत्री मोदी का करिश्मा पुराना पड़ता जा रहा है, लिहाजा उनका प्रभाव भी सीमित होने लगा है। अब जनता मोदी के नाम पर ही वोट नहीं देती, ऐसा स्पष्ट लगता है। मोदी सरकार 80 करोड़ से अधिक गरीबों में मुफ्त अनाज बांट रही है, लेकिन वे भाजपा को वोट नहीं दे रहे हैं। इस पर भी चिंतन करना होगा कि अब प्रभु राम या भगवान शंकर अथवा विष्णु नारायण के नाम पर वोट नहीं मिलते। जाहिर है कि माहौल बदल रहा है, तो उसका दबाव प्रधानमंत्री पर होना स्वाभाविक है।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि तुलसीदासजी कहते हैं, यदि तू भीतर और बाहर दोनों ओर उजाला चाहता है, तो मुख रूपी द्वार की जीभ रूपी देहली पर रामनाम रूपी मणि-दीपक को रख॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**नाम जीहँ जपि जागहिं जोगी। बिरति बिरंचि प्रपंच बियोगी॥**

**ब्रह्मसुखहि अनुभवहिं अनूपा। अकथ अनामय नाम न रूपा॥**

ब्रह्मा के बनाए हुए इस प्रपंच (दृश्य जगत) से भलीभाँति छूटे हुए वैराग्यवान्? मुक्त योगी पुरुष इस नाम को ही जीभ से जपते हुए (तत्व ज्ञान रूपी दिन में) जागते हैं और नाम तथा रूप से रहित अनुपम, अनिर्वचनीय, अनामय ब्रह्मसुख का अनुभव करते हैं॥

**जाना चहहिं गूढ़ गति जेऊ। नाम जीहँ जपि जानहिं तेऊ॥**

**साधक नाम जपहिं लय लाएँ। होहिं सिद्ध अनिमादिक पाएँ॥**

जो परमात्मा के गूढ़ रहस्य को (यथार्थ महिमा को) जानना चाहते हैं, वे (जिज्ञासु) भी नाम को जीभ से जपकर उसे जान लेते हैं। (लौकिक सिद्धियों के चाहने वाले अर्थार्थी) साधक लौ लगाकर नाम का जप करते हैं और अणिमादि (आठों) सिद्धियों को पाकर सिद्ध हो जाते हैं॥

**जपहिं नामु जन आरत भारी। मिटहिं कुसंकट होहिं सुखारी॥**

**राम भगत जग चारि प्रकारा। सुकृती चारिउ अनघ उदारा॥**

(संकट से घबड़ाए हुए) आर्त भक्त नाम जप करते हैं, तो उनके बड़े भारी बुरे-बुरे संकट मिट जाते हैं और वे सुखी हो जाते हैं। जगत में चार प्रकार के (1- अर्थार्थी-धनादि की चाह से भजने वाले, 2-आर्त संकट की निवृत्ति के लिए भजने वाले, 3-जिज्ञासु-भगवान को जानने की इच्छा से भजने वाले, 4-ज्ञानी-भगवान को तत्व से जानकर स्वाभाविक ही प्रेम से भजने वाले) रामभक्त हैं और चारों ही पुण्यात्मा, पापरहित और उदार हैं॥

(क्रमशः...)

# ऐतिहासिक नए बजट की उम्मीद

इन दिनों पूरे देश की निगाहें 23 जुलाई को वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा पेश किए जाने वाले वर्ष 2024-25 के पूर्ण बजट की ओर लगी हुई हैं। उम्मीद की जा रही है कि यह बजट विकास और सुधारों से सजा हुआ ऐतिहासिक बजट होगा। इस बजट को तैयार करने के मद्देनजर वित्तमंत्री सीतारमण ने 19 जून से 5 जुलाई तक उद्योग-कारोबार, श्रम, कृषि, एमएसएमई, टैक्सेशन, शिक्षा, स्वास्थ्य, उपभोक्ता, आधारभूत ढांचा, वित्त क्षेत्र सहित बजट से संबंधित विभिन्न पक्षों के साथ बजट पूर्व व्यापक परामर्श बैठकें आयोजित की हैं। गौरतलब है कि गत 27 जून को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार के तीसरे कार्यकाल में वर्ष 2024-25 का बजट ऐतिहासिक होगा और इसमें आर्थिक तथा सामाजिक मोर्चे पर बड़े ऐलान किए जाएंगे। इस बजट से सरकार सुधारों की प्रक्रिया को और तेज करेगी। यह बजट नई गठबंधन सरकार की नीतियों और भविष्य के दृष्टिकोण के लिहाज से बहुत ही प्रभावी दस्तावेज होगा। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि देश में विभिन्न सुधारों से भारतीय बैंकिंग विश्व के सबसे मजबूत बैंकिंग क्षेत्रों में शुमार हो गई है। टैक्स संग्रहण ऊंचाई पर है। गरीब, युवा, महिलाएं और किसानों के कल्याण के लिए उठाए गए कदमों से इन वर्गों का उत्थान हुआ है। मुर्मू ने कहा कि पिछले दस वर्षों में सरकार के मंत्र रिफॉर्म, परफॉर्म ऐंड ट्रांसफॉर्म ने भारत को विश्व की सबसे तेज बढ़ती अर्थव्यवस्था बनाया है और भारत ने 2021 से 2024 के बीच आठ प्रतिशत सालाना की दर से वृद्धि की है।

उन्होंने कहा कि नए बजट के माध्यम से अटके पड़े सुधारों, वित्तीय व श्रम सुधारों को आगे बढ़ाया जाएगा, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने, उद्योग जगत की लाजिस्टिक्स लागत घटाने, वैश्विक बाजार में भारतीय खाद्यान्नों की मांग बढ़ाने, किसानों की आय बढ़ाने तथा रोजगार सृजित करने वाले मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर पर फोकस करने के बड़े कदम आगे बढ़ाए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि इसी वर्ष एक फरवरी को वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा पेश किया गया वर्ष 2024-25 का अंतरिम बजट एक लेखानुदान की तरह था तथा इसमें कोई लोक लुभावन योजना नहीं थी। ऐसे में इस अंतरिम बजट ने 23 जुलाई को प्रस्तुत किए जाने वाले वर्ष 2024-25 के पूर्ण बजट के लिए अच्छे आर्थिक और वित्तीय आधारों की विरासत सौंपी है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि पूर्ण बजट 2024-25 की तैयारी को अंतिम रूप देते समय वित्तमंत्री सीतारमण के पास अच्छे व ऐतिहासिक बजट प्रस्तुत करने के कई मजबूत आधार हैं। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा वित्त मंत्रालय को 2.11 लाख करोड़ रुपए का भारी भरकम लाभांश सौंपा गया है, वह भी नए बजट का मजबूत आधार होगा। इस लाभांश से सरकार को राजकोषीय सहायता मिलेगी और व्यय अपेक्षाओं का प्रबंधन होगा। सीतारमण वित्तीय अनुशासन का पालन करते हुए अब तक राजकोषीय घाटे को बजट लक्ष्य के मुताबिक उपयुक्त रूप से नियंत्रित रखते हुए सफलतापूर्वक आगे बढ़ी हैं। निस्संदेह नया बजट 2024-25 गरीब, युवा, महिलाएं और किसानों के कल्याण के नए उपायों के साथ विकास योजनाओं पर केंद्रित होते हुए




**टीडीएस के कारण वेतनभोगी अपने वेतन पर ईमानदारीपूर्वक आयकर चुकाते हैं और आमदनी को कम बताने की गुंजाइश नगण्य होती है। ऐसे में टीडीएस की वर्तमान 50000 रुपए की सीमा को बढ़ाकर 75000 रुपए किया जा सकता है। हम उम्मीद करें कि 23 जुलाई को वित्तमंत्री सीतारमण के द्वारा पेश होने वाला वर्ष 2024-25 का पूर्ण बजट आर्थिक सुधारों, आर्थिक कल्याण और तेज विकास के आधारों को आगे बढ़ाने वाला ऐतिहासिक बजट होगा। यह एक ऐसा बजट भी होगा, जिसमें वित्तमंत्री राजकोषीय घाटे को 2025-26 में 4.5 फीसदी तक लाने का लक्ष्य आगे बढ़ाते हुए दिखाई देंगी।**

आयकर परिदृश्य पर सकारात्मक बदलाव होने का अनुकूल परिदृश्य मौजूद है। पिछले 10 वर्षों में आयकर रिटर्न भरने वाले आयकरदाताओं की संख्या और आयकर की प्राप्ति में छलांगे लगाकर वृद्धि हुई है। आयकर रिटर्न रिकॉर्ड आठ करोड़ के स्तर को पार कर चुका है। जहां पिछले 10 वर्षों में आयकर रिटर्न भरने वाले दोगुने से भी अधिक हुए हैं, वहीं आय की असमानता में भी कमी आई है। वित्तमंत्री की मुट्ठियों में देश में कर सुधारों से आयकरदाताओं और आयकर संग्रहण के साथ-साथ जीएसटी में लक्ष्य से भी अधिक वृद्धि की बड़ी अनुकूलताएं हैं।

इसके अलावा पिछले वर्षों में वित्तमंत्री दिखाई दे सकता है। नए बजट में वित्तमंत्री वृद्धि और रोजगार पर फोकस करते हुए दिखाई दे सकती हैं। किसान सम्मान निधि सालाना 6000 रुपए से बढ़ाकर 8000 रुपए की जा सकती है। कृषि, ग्रामीण विकास, सिंचाई, वेयरहाउसिंग को प्रोत्साहन नए बजट में बढ़ाए जा सकते हैं। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) को प्रोत्साहनमूलक राहत दी जा सकती है। जहां विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने और रोजगार के अवसरों में बढ़ोतरी करने के लिए सरकार नए बजट से पीएलआई योजना का दायरा बढ़ाते हुए इसे नए क्षेत्रों तक विस्तृत कर सकती है और श्रम साध्य क्षेत्रों में नई नौकरियों के सृजन के पथ पर आगे बढ़ सकती है, वहीं रियल एस्टेट सेक्टर और आवास सेक्टर को भी प्रोत्साहनमूलक राहत दे सकती है। नए बजट में देश में डिजिटल क्रांति को बढ़ाने से संबंधित मोबाइल सेवा प्रदाताओं सहित विभिन्न उत्पादों, बुनियादी ढांचा क्षेत्र के लिए अधिक पूंजीगत व्यय के प्रावधान भी दिखाई दे सकते हैं। उल्लेखनीय है कि इन दिनों वेतनभोगी (सेलरीड) वर्ग के लाखों छोटे आयकरदाता और मध्यम वर्ग के लोग यह कहते हुए दिखाई दे रहे हैं कि पिछले विभिन्न बजटों में उन्हें टैक्स संबंधी कोई उपयुक्त राहत नहीं मिली है। साथ ही अब महंगाई वृद्धि और उनके बढ़ते जरूरी खर्चों के कारण उन्हें कुछ आयकर राहत की अपेक्षा है। वित्तमंत्री नए बजट में खपत को बढ़ावा देने के लिए 50 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के उपाय भी कर सकती हैं, जिसमें कर राहत के उपाय भी शामिल हैं। ऐसे में नए बजट में आयकर के पुराने तथा नए स्लैब दोनों के तहत छोटे आयकरदाताओं को राहत के प्रावधानों का ऐलान किया जा सकता है। निस्संदेह वेतनभोगी वर्ग के द्वारा नए बजट में राहत की अपेक्षा इसलिए भी न्यायसंगत है, क्योंकि वेतनभोगी वर्ग के द्वारा दिया गया कुल आयकर पेशेवरों और कारोबारी करदाताओं के वर्ग द्वारा चुकाए गए कुल आयकर से काफी अधिक होता है।


वेतनभोगी वर्ग के करदाताओं के कर की कटौती आमदनी अर्जित करने के स्रोत पर अर्जित आय पर की जाती है। इसे टीडीएस के रूप में जाना जाता है। टीडीएस के कारण वेतनभोगी नियमानुसार अपने वेतन पर ईमानदारीपूर्वक आयकर चुकाते हैं और आमदनी को कम बताने की गुंजाइश नगण्य होती है। ऐसे में टीडीएस की वर्तमान 50000 रुपए की सीमा को बढ़ाकर 75000 रुपए किया जा सकता है। हम उम्मीद करें कि 23 जुलाई को वित्तमंत्री सीतारमण के द्वारा पेश होने वाला वर्ष 2024-25 का पूर्ण बजट आर्थिक सुधारों, आर्थिक कल्याण और तेज विकास के आधारों को आगे बढ़ाने वाला एक ऐतिहासिक बजट होगा। यह एक ऐसा बजट भी होगा, जिसमें वित्तमंत्री 2024-25 के तहत राजकोषीय घाटे का लक्ष्य 5.1 फीसदी और 2025-26 में 4.5 फीसदी तक लाने का लक्ष्य आगे बढ़ाते हुए दिखाई देंगी। साथ ही वर्ष 2024-25 का पूर्ण बजट भारत को 2027 तक दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था तथा वर्ष 2047 तक भारत को दुनिया का विकसित देश बनने के सपने को साकार करने की डगर पर आगे बढ़ाने वाला बजट भी होगा।

**-डा. जयंती लाल भंडारी**
**विख्यात अर्थशास्त्री**

# टीबी उन्मूलन के लिए प्रयास और चुनौतियां

टीबी उन्मूलन के लिए पूरी दुनिया में प्रयासों में तेजी लाई जा रही है। भारत और हिमाचल प्रदेश में भी इससे छुटकारा पाने के लिए टीबी उन्मूलन कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जहां विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वर्ष 2030 तक दुनिया को टीबी मुक्त करने का लक्ष्य रखा है, वहीं भारत ने 2025 तक टीबी मुक्त भारत का लक्ष्य रखा है। भारत को टीबी मुक्त करने के लिए केंद्र, राज्य और स्वयं सहायता संगठनों द्वारा विभिन्न स्तरों पर कार्य किए जा रहे हैं। लेकिन इन कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार-प्रसार और लोगों तक पहुंच न होने के चलते भारत का 2025 तक टीबी मुक्त होना संभव नहीं लग रहा है। 2024 आधा गुजर चुका है और पूरी दुनिया के 26 फीसदी से अधिक टीबी के रोगी भारत में देखे जा रहे हैं। ऐसा नहीं है कि भारत में टीबी के मामले कम नहीं हो रहे, लेकिन टीबी मुक्त होने के लिए टीबी के मामलों में जिस गति से कमी आनी चाहिए, वह नहीं हो पा रही है। यही हाल पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश में भी देखा जा रहा है। भले ही पिछले चार वर्षों में हिमाचल प्रदेश टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के आयोजन में पूरे देश में पहला स्थान हासिल कर रहा हो, लेकिन इसके बावजूद प्रदेश में हर साल लगभग 15 हजार टीबी के मामले देखे जा रहे हैं। साक्षरता में दूसरे स्थान पर रहने वाले हिमाचल प्रदेश में पर्याप्त जागरूकता न होने के चलते अभी भी टीबी के प्रति अंधविश्वास और भ्रांतियां कम नहीं हो पा रही हैं, जिससे टीबी को पूरी तरह खत्म करने में अनेकों चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

प्रदेश में पोषणयुक्त खाद्यान की कमी, स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी, जागरूकता की कमी, ग्रामीण क्षेत्रों में टेस्टिंग की सुविधा न होने के चलते टीबी हर साल पहाड़ के 1000 के करीब लोगों की जानें लील रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि टीबी का पोषणयुक्त आहार और लोगों के स्वास्थ्य के हालात के साथ सीधा संबंध है। जिन क्षेत्रों में पोषणयुक्त आहार मिलते हैं वहां पर लोगों के स्वास्थ्य के



हालात अच्छे होते हैं और ऐसे क्षेत्रों में टीबी जैसे संक्रामक रोग का प्रसार अधिक नहीं देखा जाता है। जबकि पोषणयुक्त आहार न मिलने के चलते स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों से जूझने वाले क्षेत्रों में इस संक्रामक रोग का प्रसार अधिक देखा गया है। नेशनल फेमिली हेल्थ सर्वे-5 के मुताबिक हिमाचल प्रदेश में 6 से 59 माह तक के 55 फीसदी बच्चों में एनीमिया, 53 फीसदी महिलाओं में भी एनीमिया, 15 से 49 वर्ष तक की 13.9 फीसदी महिलाओं का बॉडी मास इंडेक्स सामान्य से कम पाया गया। वहीं 30 फीसदी महिला और पुरुषों में मोटापे की समस्या पाई गई है। सर्वे में निकलकर आए यह आंकड़े न सिर्फ चौंकाने वाले हैं, बल्कि इन्हें देखते हुए समय रहते सतर्क होने की भी जरूरत है। लोगों के स्वास्थ्य हालात में सुधार के लिए पोषणयुक्त आहार की उपलब्धता के लिए सरकारों को प्रयासों में तेजी लानी चाहिए ताकि इनकी वजह से टीबी सहित अन्य बीमारियों से लड़ने के लिए लोगों में इम्यूनिटी तैयार हो सके। पोषण विशेषज्ञ के अनुसार टीबी के मरीजों को प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, विटामिन और मिनरल्स से युक्त आहार लेना चाहिए। मांस, मछली, अंडे, दूध, दही, पनीर, फल और सब्जियां शामिल होने चाहिए। प्रोटीन की मात्रा 1.2 से 1.5 ग्राम प्रति किलोग्राम आइडियल बॉडी वेट के अनुसार होनी चाहिए। साथ ही विटामिन डी, ई, सी, ए और बी कॉम्प्लेक्स, सेलेनियम, जिंक, फोलिक एसिड और कैल्शियम का सेवन भी जरूरी होता है।

इसके अलावा टीबी के मरीजों को एंटीबायोटिक दवाओं के साथ-साथ मल्टी विटामिन, मल्टी मिनरल्स और पर्याप्त मात्रा में ऊर्जा, प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट और फाइबर का सेवन करना चाहिए। संक्रमित व्यक्ति को सही वजन बनाए रखने के लिए सामान्य से 20-30 फीसदी अधिक ऊर्जा की आवश्यकता होती है। प्रदेश में कई लोगों के पास पर्याप्त पोषक तत्वों से युक्त खाद्यान तक पहुंच नहीं है। गरीबी, कृषि उत्पादकता में कमी और खाद्य वितरण प्रणाली की कमियों के कारण कई लोग पर्याप्त पोषण नहीं ले पा रहे हैं। पोषणयुक्त आहार की कमी से टीबी रोगियों का स्वास्थ्य और उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रभावित होती है। इससे उनकी बीमारी का इलाज और स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करना कठिन हो जाता है। सरकार को गरीब और कमजोर वर्ग के लोगों को पोषक खाद्यान उपलब्ध कराने के लिए कदम उठाने चाहिए। खाद्य वितरण प्रणाली में सुधार किया जाना चाहिए। टीबी के मरीजों को नियमित और पर्याप्त मात्रा में दवाएं और पोषक आहार उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार जरूरी है। इन उपायों से टीबी के प्रकोप को कम करने और मरीजों के स्वास्थ्य में सुधार लाया जा सकता है। सरकार, स्वास्थ्य विभाग और स्थानीय समुदाय को मिलकर काम करना होगा। इसके अलावा हिमाचल में कई दूरदराज के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच नहीं है।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और जिला अस्पतालों में स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं की कमी है। टीबी के मरीजों को नियमित चिकित्सा सेवाएं, दवाइयां और पोषण सहायता मिलनी चाहिए। इसके अलावा समाज को भी आगे आकर टीबी के रोगियों के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार अपनाना चाहिए। इससे टीबी रोगियों में जो हीन और अलगाव की भावना उत्पन्न हुई होती है, उससे छुटकारा मिलेगा। टीबी उन्मूलन कार्यक्रम को सही मायने में अपनाने और प्रदेश व देश को टीबी मुक्त करने के लिए सरकार, स्वास्थ्य कर्मियों, सामाजिक संगठनों और समाज को मिलकर काम करने के लिए आगे आना चाहिए। साथ ही टीबी के प्रति लोगों में वृहद जागरूकता कार्यक्रम चलाने की जरूरत है। इसके अलावा जो लोग टीबी से मुक्त हो रहे हैं, उन्हें आगे आकर इसके बारे में समाज में जागरूकता फैलाने के साथ इससे निपटने के बारे में विस्तार से जानकारी साझा करनी चाहिए।

**-रोहित पराशर**

# राशिफल

**आषाढ़ शुक्ल पक्ष : दशमी** | **(विक्रम संवत् 2081)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
मेष राशि को अस्थिर राशि माना गया है। यह अग्नि तत्व कारक राशि होता है। इस राशि का चिन्ह भेड़ होता है।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
वृष राशि को स्थिर राशि माना गया है। यह पृथ्वी तत्व कारक राशि होता है। इस राशि का चिन्ह बैल अथाज्त वृष होता है।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
वायु तत्व की राशि होता है। मिथुन राशि के देवता दुर्गा और गणेश है। मिथुन राशि पुरुष राशि होता है।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
इस राशि का चिन्ह केकड़ा है। इस राशि का स्वामी का ग्रह चंद्रमा होता है। ककज् राशि की दिशा उत्तर होता है।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
भूमि, भवन, वाहन की खरीदारी संभव है। घर में थोड़ा सा माहौल एग्रेसिव रहेगा। फिर भी बहुत अच्छा।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। अपनों का साथ होगा। स्वास्थ्य अच्छा है। प्रेम, संतान का साथ है। व्यापार अच्छा है।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
जीवनसाथी का सानिध्य मिलेगा। नौकरी-चाकरी की स्थिति अच्छी होगी। प्रेमी-प्रेमिका की मुलाकात होगी।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
विद्यार्थियों के लिए अति उत्तम समय। अच्छा निर्णय लेंगे। स्वास्थ्य अच्छा है। प्रेम, संतान का साथ है।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
यह जल तत्व की राशि है। ककज् राशि के देवता भगवान शिव है। ककज् राशि स्त्री राशि होती है।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
यात्रा का योग बनेगा। धर्म-कर्म में हिस्सा लेंगे। रुका हुआ कार्य चलने लगेगा। भाग्य साथ देगा।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
परिस्थितियां थोड़ा प्रतिकूल हैं। चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। बचकर पार करें।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
धन का आवक बढ़ेगा। कुटुंब में वृद्धि होगी। लक्ष्मी योग का निर्माण हो रहा है। शुभता के प्रतीक बने रहेंगे। स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

# प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने दिया ज्ञापन



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** जिला ब्लॉक तहसील एवं संघर्ष समिति कार्यकारिणी द्वारा डिज़ीटलाइज़ेशन पर असहमति प्रकट करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन/नोटिस देने के साथ साथ एक एक कॉपी रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से मा मुख्यमन्त्री जी एवं महानिदेशक स्कूल शिक्षा को भी भेजी गयी।

ज्ञापन/नोटिस में उल्लिखित पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल करने, 31 उपार्जित अवकाश, 12 दितीय शनिवार अवकाश, अर्ध-आकस्मिक अवकाश, प्रीतिकर एवं अध्ययन अवकाश, नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा अनुमान्य करना एवं पदोन्नति शीघ्र करने जैसी माँगे है। अगर उपरोक्त सभी माँगे 8 दिन के अंदर पूर्ण नहीं की गयी तो प्रदेश के समस्त जनपदों की भाँति जनपद गौतमबुधनगर में भी 23 जुलाई को ज़िला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर सभी शिक्षकों द्वारा विशाल धरना दिया जायेगा।

मण्डल अध्यक्ष मेघराज भाटी ने कहा कि सरकार / विभाग से हमने पहले भी अपनी समस्याएँ बतायी थी लेकिन सरकार हमारी बातों पर ध्यान नहीं दे रही है नये नये फ़रमान शिक्षक अहित में दे रही है जो हमें स्वीकार नहीं है।

प्रवीण शर्मा ज़िला अध्यक्ष ने कहा कि विभाग लंबित माँग और डिज़ीटलाइज़ेशन सम्बन्धित समस्याओं का निराकरण नहीं किया तो हमारा 23जुलाई को विशाल धरना ज़िला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर होगा।

जिलामंत्री गजन भाटी ने बताया कि हमने सबसे पहले शिक्षक से व्यक्तिगत संपर्क कर डिज़िटलाइज़ेशन से सहमत या असहमत के बारे में जाना था। सभी शिक्षक की असहमति पर राय बनी। अभी हमने बीएसए को 8 दिन में समस्या निवारण करने का ज्ञापन/नोटिस दिया है। अगर निवारण नहीं होता है तो प्रदेशीय नेतृत्व के आदेशानुसार 23 जुलाई को विशाल धरना होगा।

इस अवसर संरक्षक मुनीराम भाटी, अशोक शर्मा, कोषाध्यक्ष हेमराज शर्मा, बलेराम नागर, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कपिल नागर, जिला उपाध्यक्ष स्वेता वर्मा, जिला उपाध्यक्ष ब्रजेशपाल सिंह, ब्लाक अध्यक्ष दादरी रवि भाटी, ब्लाक मंत्री वेद प्रकाश गोतम, ब्लाक अध्यक्ष मंत्री बिसरख स्मिता सिंह, माजिया सुल्ताना, ब्लाक मंत्री जेवर रैदास सिंह, दंनकोर कार्यवाहक ब्लाक अध्यक्ष सतीश पिलवान,साधना, अशोक, कमलेश यादव ,ऋ्क्ष सावित्री गुप्ता, प्रमोद शर्मा, रश्मि त्रिपाठी, गजराज सिंह, सरिता यादव, माला बजाज, राजीव शर्मा, प्रीति पांडेय, अतुल उपाध्याय, आलेख नागर, प्रदीप आर्य, वीर सिंह, निर्मला त्यागी, राजन मलिक, प्रवीण भाटी सुदर्शन शर्मा, देवीराम शर्मा, विनीत रावत, रामकुमार शर्मा, नित्यानंद शर्मा, प्रतिभा अवस्थी, रिचा त्रिपाठी, कपिल भाटीर्मा, धीरज शर्मा, नवनीत तिवारी, चमनपाल, हेमन्त नागर आदि मौजूद रहे।

# नगर पंचायत की फर्जी रसीद पर भाजपा नेता काट रहा है अवैध कालोनी




**दनकौर ( चेतना मंच )।** दनकौर नगर पंचायत क्षेत्र के बाहर स्थित जमीन पर नगर पंचायत की फर्जी रसीद कटवा कर एक भाजपा नेता अवैध कालोनी काटने के अभियान में जुटा हुआ है। बताया जाता है कि दनकौर का एक भाजपा नेता पार्टी को बदनाम करते हुए नगर पंचायत के कर्मचारियों एवं अधिकारियों से मिली भगत कर फर्जी तरीके से अनुमति लेकर जमीन पर अवैध कॉलोनी काट रहा है। इसकी शिकायत कई बार की गई। लेकिन कार्रवाई नहीं हुई बताया जाता है कि नगर पंचायत की सीमा से बाहर स्थित उक्त जमीन पर यह भाजपा नेता फर्जी वाड़ा कर नगर पंचायत से रसीद लेकर अवैध कालोनी काट रहा है। जबकि जिस जमीन पर अवैध कालोनी काटी जा रही है। उस जमीन का दनकौर नगर पंचायत से कोई लेना-देना नहीं है। लेकिन लोगों को रसीद दिखाकर फर्जीवाड़ा करते हुए भाजपा नेता अपनी झोली भरने का काम कर रहा है। भाजपा के बड़े नेता अनुशासन का पाठ पढ़ने का काम कर रहे हैं। वहीं उक्त भाजपा नेता भाजपा की किरकिरी करने पर उतारू है। सूत्र बताते हैं कि इस भाजपा नेता पर एक जिले के बड़े भाजपा नेता का हाथ बताया जाता है। अब देखना यह है कि फर्जी वाड़ा कर रहे उक्त भाजपा नेता पर जिला प्रशासन एवं नगर पंचायत के आला अधिकारी कार्रवाई करते हैं या नहीं यह तो आने वाला समय बताएगा। नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि पुत्र द्वारा यह खेल काफी समय से किया जा रहा है।

# अफसर शाही का दंश झेल रहा भाजपा का मंडल अध्यक्ष!

### बेमानी साबित हो रहे हैं भाजपा शीर्ष नेतृत्व के निर्देश

**नोएडा ( चेतना मंच )।** लोक सभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में करारी हार का झटका झेल रही भारतीय जनता पार्टी अभी भी अफसर शाही पर लगाम लगाने में पूरी तरह से असफल साबित हो रही है। बतादें कि नोएडा शहर के भाजपा के एक मंडल अध्यक्ष अपनी ही सरकार में अफसर शाही का दंश झेल रहे हैं। फेस-2 के रहने वाले भाजपा के मंडल अध्यक्ष काफी समय से अधिकारियों की तानाशाही से आजिज आ गये हैं। लाख प्रयास एवं भाग दौड़ के बाद भी उन्हें न्याय नहीं मिल पा रहा है। एक तरफ भाजपा का शीर्ष नेतृत्व पार्टी कार्यकर्ताओं के सम्मान की बात कर रहा है वहीं भाजपा के एक मंडल अध्यक्ष का सही काम भी नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी सुनने को तैयार नहीं है। बार-बार मंडल अध्यक्ष अफसरों की गणेश परिक्रमा कर थक चुके हैं। यदि समय रहते भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने अपने कार्यकर्ताओं के मान सम्मान पर ध्यान नहीं दिया तो 2027 में होने वाले आम विधानसभा के चुनाव में पार्टी की और दुर्गति होने की पूरी संभावना व्यक्त की जा रही है।

# सड़क हादसे में दो महिला समेत चार लोगों की मौत

**नोएडा ( चेतना मंच )।** अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में दो महिलाओं सहित चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी वाहन चालकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

ग्राम जेवर खादर निवासी उमेश ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि 14 जुलाई की शाम को उसकी मां रामवती व अन्य महिलाएं खेतों में धन लगाकर ई रिक्शा से वापस घर लौट रही थी। ई रिक्शा चालक नशे में था। जिस कारण वह संतुलन खो बैठा और ई-रिक्शा खाई में गिर गया। हादसे के बाद ई-रिक्शा चालक कूदकर मौके से फरार हो गया। इस हादसे में उसकी मां रामवती गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे कैलाश अस्पताल में दम तोड़ दिया। उमेश के मुताबिक ईरिक्शा में बैठी महिलाएं केला ,चंद्रावती, वती देवी, रामवती भी इस हादसे में घायल हो गई। थाना जेवर पुलिस ने आरोपी ई रिक्शा चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

थाना सूरजपुर क्षेत्र के ग्रेटर नोएडा की ओशिश सोसायटी के पास तेज गति में आ रहे ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। इस टक्कर लगने से बाइक चालक रविंद्र सिंह व उसकी पत्नी पिंकी नीचे गिर गए। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। गंभीर स्थिति में पिंकी को ग्रेटर नोएडा के निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान पिंकी की मौत हो गई। इस संबंध में मृतका के पति रविंद्र सिंह ने थाना सूरजपुर में ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

थाना सेक्टर-63 क्षेत्र के छिजारसी के पास अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से स्कूटी सवार रेलवे



विभाग के सीनियर सैंक्शन इंजीनियर की मौत हो गई।

छपरौला निवासी नवीन इंदौरा ने बताया कि उसके पिता स्वामी दास रेलवे विभाग में सीनियर सैंक्शन इंजीनियर के पद पर कार्यरत थे वह 13 जुलाई को आनंद विहार टर्मिनल नई दिल्ली में अपनी ड्यूटी पर जाने के लिए स्कूटी से जा रहे थे। उनका छोटा भाई प्रवीण उन्हें छोड़ने के लिए जा रहा था। छिजारसी के पास तेज गति में आ रहे अज्ञात वाहन ने स्कूटी में टक्कर मार दी जिससे स्वामी दास सड़क पर गिर गए और वाहन का पिछला पहिया उनके सिर के ऊपर से उतर गया। स्वामी दास की मौके पर ही मौत हो गई। पीड़ित की शिकायत पर थाना सेक्टर-63 पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

वहीं थाना बादलपुर क्षेत्र के हरिश्चंद्र का बाग के पास तेज गति में आ रहे ट्रैक्टर चालक ने साइकिल में टक्कर मार दी इस हादसे में साइकिल सवार अंगद वर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए हादसे की जानकारी मिलने पर परिजन उन्हें इलाज के लिए यशोदा अस्पताल गाजियाबाद लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। प्रकाश वर्मा की शिकायत पर थाना बादलपुर पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# सीएम योगी ने घर पहुंच विधानसभा अध्यक्ष का जाना हाल

### तबियत बिगड़ने पर पिछले महीने की गई थी ओपन हॉर्ट सर्जरी

**लखनऊ ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के घर पहुंचे। सीएम ने उनका हालचाल जाना। तबियत बिगड़ने पर जून में विधानसभा अध्यक्ष का गुरुग्राम में ऑपरेशन हुआ था। सीएम योगी मंगलवार सुबह विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के 16-कालिदास मार्ग लखनऊ स्थित आवास पहुंचे। यहां महाना के परिजनों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका हालचाल जाना, फिर विधानसभा अध्यक्ष के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने उन्हें गुलदस्ता भेंट कर शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, स्वतंत्र देव सिंह, सरोजिनी नगर के विधायक राजेश्वर सिंह आदि भी मौजूद रहे।



# महिला व मिस्त्री के साथ मारपीट

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** सुत्याना विमल बिहार में मकान बनवा रही महिला व मिस्त्री के साथ पड़ोसियों ने मारपीट की। पड़ोसी ने महिला व मिस्त्री पर ईंट चोरी करने का आरोप लगाया। महिला ने जब इसका विरोध किया तो आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। सुत्याना के विमल बिहार में रहने वाली लता देवी ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह अपने मकान में मरम्मत का कार्य कर रही है। पड़ोस में रहने वाले जोगिंदर की पत्नी ने उनके मिस्त्री से कहा कि उन्होंने उसके घर की ईंटें चोरी कर ली हैं। उसने जब जोगेंद्र की पत्नी से इस बारे में बात की तो वह गाली गलौज करने लगी। गाली-गलौज का विरोध करने पर पड़ोसी महिला के लड़के मोंटी व उसके साथियों ने मिलकर उनके मिस्त्री को मारना शुरू कर दिया। उन्होंने जब इस बात का विरोध किया तो आरोपी जबरन उसके घर में घुस आए और परिजनों के साथ लाठी-डंडों व सरिया से मारपीट की। मारपीट करने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

# मंदिर के व्हाट्सएप ग्रुप पर दी गलियां

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा के ग्राम चौखंडी में स्थित एक मंदिर के नाम से बनाए गए व्हाट्सएप ग्रुप पर गाली-गलौज करने का मैसेज डालने के बाद मंदिर समिति के सदस्यों में नाराजगी है। व्हाट्सएप ग्रुप के सदस्य ने मैसेज डालने वाले व्यक्ति के खिलाफ धार्मिक शत्रुता बढ़ाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है।

ग्राम गढ़ी चौखंडी निवासी अमित यादव ने बताया कि उसने ग्राम गढ़ी चौखंडी के शिव मंदिर के नाम से एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया हुआ है। इस ग्रुप में गांव के अधिकतर सम्मानित लोग जुड़े हुए हैं। इस ग्रुप व्हाट्सएप ग्रुप को मंदिर से संबंधित आयोजनों की जानकारी एवं प्रस्तावित धार्मिक कार्यक्रमों के प्रचार प्रसार में प्रयोग किया जाता है। व्हाट्सएप ग्रुप के सदस्य रामभूल यादव ने दो बार 3 जुलाई को ग्रुप पर गाली-गलौज करते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग किया। उन्होंने धमकी दी कि उनके बिना मर्जी के कोई स्थापना नहीं हो सकती है। अमित यादव ने आरोप लगाया है कि रामभूल यादव धार्मिक शत्रुता बढ़ाने का काम कर रहे हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# क्रिकेट ग्राउंड में युवक को बैट से पीटा

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना ईकोटेक-3 क्षेत्र के डी पार्क के पास बना क्रिकेट ग्राउंड जंग के मैदान में तब्दील हो गया। मैच खेलने के दौरान हुए मामूली विवाद में एक युवक की क्रिकेट के बैट से जमकर पिटाई की गई। ग्राम तुस्याना निवासी आदेश ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह 14 जुलाई की सुबह डी पार्क के पास स्थित क्रिकेट ग्राउंड में अपने साथियों के साथ क्रिकेट खेल रहा था। मैच के दौरान मामूली बात पर जितेंद्र पुत्र सीता ने गाली गलौज शुरू कर दी। उसने जब इस बात का विरोध किया तो जितेंद्र ने उस पर क्रिकेट के बैट से हमला बोल दिया और उसकी पिटाई की। मारपीट के दौरान उसके सिर व शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटे आई। अन्य खिलाड़ियों ने उसे किसी तरह जितेंद्र के चंगुल से छुड़ाकर अस्पताल पहुंचाया। थाना ईकोटेक- 3 प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है।

# महिला के गले से चेन छीनी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के देविका गोल्ड होम सोसाइटी के बाहर बाइक सवार बदमाश ने एक महिला के गले से सोने की चेन छीन ली और फरार हो गया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

देविका गोल्ड होम सोसाइटी में रहने वाली रजनी चौबे ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह 14 जुलाई की शाम को किसी काम से सोसायटी के बाहर गई थी। घर वापस आते समय सोसायटी के पास पीछे से बाइक सवार ने झपट्टा मारकर उनके गले से सोने की चेन लूट ली। उसने चोर मचाया लेकिन तब तक बाइक सवार बदमाश मौके से फरार हो गया।

## पृष्ठ एक के शेष....

**डोडा में पांच जवान...**

व्हाइट नाइट कोर के नाम से भी जाना जाता है, ने कहा कि अतिरिक्त सैनिकों को डोडा में मुठभेड़ क्षेत्र में भेजा गया है। पूरे इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है। आतंकवादी संगठन कश्मीर टाइगर्स ने डोडा हमले की जिम्मेदारी ली है। यह संगठन जैश-ए-मोहम्मद का ही ऑफ शूट है जिसने हाल ही में कठुआ में सेना के काफिले पर हुए हमले की जिम्मेदारी ली थी। पिछले कुछ हफ्तों से जम्मू क्षेत्र में कई स्थानों पर हुए आतंकी हमलों के बाद सुरक्षा बल हाई अलर्ट पर हैं। भारतीय सेना ने 14 जुलाई को कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए तीन आतंकवादियों को मार गिराया था।

**मुख्यमंत्री योगी ने...**

नगर आदि में कुकरैल नदी के किनारे बने घरों को अब नहीं तोड़ा जाएगा। यहां बने सैकड़ों मकानों पर पिछले दिनों प्रशासन की ओर से 'लाल निशान' लगाया था, जिसका मतलब था कि इन घरों का तोड़ा जाएगा। इस मामले में सीएम ऑफिस की ओर से कहा गया कि कुकरैल नदी के पास मौजूदा 35 मीटर की चौड़ाई पर्याप्त है, इस सीमा के भीतर कोई भी स्ट्रक्चर प्रभावित नहीं होगा, यानि तोड़फोड़ नहीं होगी। सीएम की ओर से आश्वासन मिलने के बाद इलाके के निवासी से खुशी से झूम उठे।

**जब्त वाहनों को...**

धाराओं के तहत नियमानुसार कार्यवाही तय करेंगे। निरूद्ध वाहनों के निरीक्षण के दौरान यदि यात्री वाहन मानक के अनुरूप नहीं पाये जाते हैं व सिटिंग क्षमता में वृद्धि पायी जाती है तो ऐसे निरूद्ध वाहनों को मानक के अनुरूप कराने के बाद ही वाहन अवमुक्त किया जा सकेगा। परिवहन आयुक्त ने उक्त निर्देशों को पूरी तरह पालन करने के निर्देश दिए।

**हैवान बना पति...**

जाने लगी। दहेज न मिलने के कारण उनका दामाद बेटी को यौन संबंधी यातना देने लगा। विरोध करने पर जीशान सामूहिक बलात्कार करने तथा जान से मारने की धमकी देने लगा। पीड़िता के मुताबिक उसके दामाद को जब पता चला कि उनकी बेटी गर्भवती है तो वह उसे अस्पताल में दवाई दिलवाने के बहाने ले गया और जबरन उसका गर्भपात करा दिया। उसकी बेटी ने जब इस बात का विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की। गर्भपात व मार पिटाई से उसकी बेटी का दिमागी संतुलन भी बिगड़ गया। इसके बाद भी जीशान उसके पिता आस मोहम्मद, मां नगीना, ननद लूवना, चाचा वली मोहम्मद और मामा फरीद उसकी बेटी पर मायके से महंगी गाड़ी व 10 लाख रुपए नगद लाने का दबाव डालने लगे। रिश्तेदार व शादी कराने वाले बिचौलिए गुड्डू ने भी ससुराल वालों को समझने का प्रयास किया लेकिन उनके रवैये में कोई सुधार नहीं आया। पीड़िता के मुताबिक 10 जुलाई को उनकी बेटी के साथ मारपीट कर ससुराल वाले उसे दादरी थाने के पास छोड़कर भाग गए। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच पड़ताल की जा रही है।

**नोएडा के पूर्व मरीन...**

शाम 4 बजे के आसपास की है। तब वे अपने सेक्टर एक नोएडा स्थित नेवी के ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट से इंदिरा पुरम के मिलन विहार स्थित अपने घर जा रहे थे।

खोड़ा की तरफ एक नाले में उन्होंने एक युवक को डूबते हुए देखा उस समय काफी लोग आसपास खड़े थे लेकिन कोई भी उस युवक को बचाने नहीं गया मैंने अपना फर्ज निभाया और एक पेशेवर गोताखोर की तरह मैंने नाले में छलांग लगा दी और उसके बाद उस युवक को बाहर निकाल कर लाया। वह युवक कहां का था इस बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं लेकिन उसके बाद वे अपने घर चले गए। उन्होंने बताया कि उस समय दो पुलिसकर्मी जो ट्रैफिक पुलिस के वेशभूषा में थे वहीं खड़े थे।

डीएस नेगी ने बताया कि वह उत्तराखंड में पौड़ी गढ़वाल के पावो ब्लॉक स्थित बिसन्ड गांव के मूल निवासी हैं और 1985 से 2000 तक नेवी में मरीन कमांडो के रूप में देश सेवा की है। 15 साल नेवी में रहने के बाद उन्होंने 2003 से सिविल में भी गोताखोर के रूप में काम किया है। इंदिरापुरम में रहने से पहले डीएस नेगी नोएडा के सेक्टर 25 स्थित जलवायु विहार में रहते थे उनके इस कार्य को एक साथी एच के गुप्ता ने सोशल मीडिया पर शेयर किया है। इसके बाद ही यह जानकारी सार्वजनिक हो सकी। उन्होंने कहा कि नेवी के पूर्व अधिकारी के नाते मैंने अपनाया फर्ज निभाया है। आम नागरिकों को भी इसी तरीके से जिम्मेदारी का निर्वाह करना चाहिए। डीएस नेगी की इस बाहदूरी को लेकर नोएडा और गाजियाबाद में खूब चर्चा हो रही है। शहर के लोग उन्हें सम्मनित करने की मांगा भी कर रहे है।

**गाजियाबाद-नोएडा पुलिस...**

एनएच-24 को शहर से जोड़ने वाले मुख्य बिंदुओं पर नजर रखी जाएगी और व्यवस्थाएं बनाई जाएंगी। कांवड़ यात्रा के लिए जिले में कंट्रोल रूम भी बनाया गया है।

कांवड़ यात्रा को लेकर गाजियाबाद कमिश्नरेट पुलिस ने रूट डायवर्जन प्लान जारी किया है। यह प्लान गाजियाबाद में 22 जुलाई रात 12.00 बजे से 5 अगस्त रात 8.00 बजे तक जारी रहेगा। डायवर्जन के मुताबिक दिल्ली के रास्ते तुलसी निकेतन बॉर्डर, सीमापुरी बॉर्डर, आनंद विहार बॉर्डर से गाजियाबाद सिटी की तरफ आने वाले भारी वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा। यह वाहन चौ0 चरण सिंह मार्ग रोड नं0-56 यूपी गेट गाजीपुर बॉर्डर से होते हुए नेशनल हाईवे-9 तक पर जाएंगे। हरिद्वार, अमरोहा, मुरादाबाद व लखनऊ की ओर से आने वाले वाहन यूपी गेट से नेशनल हाईवे-9 डासना इंटर सेक्शन से ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे होते हुए अपने गंतव्य तक जाएंगे। बागपत से दिल्ली की तरफआने वाले वाहन ट्रोनिका सिटी और सोनिया विहार से होकर गुजरेंगे। हापुड़-बुलंदशहर से गाजियाबाद सिटी वाया डासना रेलवे ओवरब्रिज से आने वाले व्हीकल नेशनल हाईवे-9 का इस्तेमाल करेंगे। बुलंदशहर-हापुड से आने वाले भारी वाहनों का लाल कुआ पर प्रवेश वर्जित होगा। लोनी बॉर्डर से लोनी शहर को जाने वाले वाहन पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेंगे। संतोष मेडिकल कट एनएच-9 से मेरठ तिराहा पर भी वाहनों का आवागमन रोका गया है।

**नाबालिग ई-रिक्शा...**

ई-रिक्शा चालक के खिलाफ थाना सेक्टर-20 में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

बता दें कि गौतमबुधनगर पुलिस कमिश्नर द्वारा नाबालिग द्वारा वाहन चलाई जाने के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत पुलिस अलग-अलग स्थानों पर चेकिंग कर सड़कों पर वाहन दौड़ा रहे नाबालिगों को पकड़ रही है। पुलिस वाहनों को सीज करने की कार्रवाई के साथ वाहन स्वामियों व अभिवावकों के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कर रही है। इस अभियान के तहत अब तक दर्जनों लोगों के खिलाफ विभिन्न थानों में मुकदमे दर्ज हो चुके हैं।

**पार्किंग को लेकर...**

एग्जिट गेट पर कमल चौधरी ने उन्हें धक्का देकर गिरा दिया और उनका गला दबा दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच गाड़ी खड़ी करने को लेकर विवाद था। इसी विवाद में दोनों पक्षों में मारपीट हुई है। पुलिस ने दोनों की शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दैनिक चेतना मंच

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया। संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com






**Name Change**

I Vikas Tyagi, resident of Villa B-253, Swarn Nagri, Greater Noida, 201310 have my son's name incorrectly spelled as Dharya Tyagi in his school documents and Id card. The correct spelling of his name is Dhairya Tyagi and should be considered so for all purposes.

**ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के फेरों में वृद्धि**

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन के लिए रेलवे द्वारा चलाई जा रही निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियों के फेरों में वृद्धि/संचालन अवधि में बढ़ोत्तरी करने का निर्णय लिया गया हैं, जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

| रेलगाड़ी सं. एवं नाम | पूर्व अविसूचित तिथि | आवृत्ति | चलने के दिन | विस्तार की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 02393 पटना जं.-नई दिल्ली सुपरफास्ट विशेष | 31.07.24 | 6 दिन | गुरूवार छोड़कर | 02.08.24 से 30.09.24 तक |
| 02394 नई दिल्ली-पटना जं. सुपरफास्ट विशेष | 01.08.24 | 6 दिन | शुक्रवार छोड़कर | 03.08.24 से 01.10.24 तक |
| 02397 गया जं-आनन्द विहार टर्मि. विशेष | 31.07.24 | 6 दिन | शनिवार छोड़कर | 01.08.24 से 30.09.24 तक |
| 02398 आनन्द विहार टर्मि.-गया जं विशेष | 01.08.24 | 6 दिन | रविवार छोड़कर | 02.08.24 से 01.10.24 तक |

शेष पूर्ववत् है

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों की समय-सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

पर हमें फॉलो करें

आज़ादी का अमृत महोत्सव | रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 | रेलमदद वेबसाइट देखें : www.railmadad.indianrailways.gov.in | रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

उत्तर रेलवे — आपकी सुविधा - हमारा ध्येय — हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

2154/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# बजट सत्र में पेश हो सकता है बीमा कानून संशोधन विधेयक

- बैंकिंग क्षेत्र को वर्तमान सार्वभौमिक बैंक, लघु वित्त बैंक और भुगतान बैंक के रूप में वगीर्कृत किया गया है
- बीमा अधिनियम, 1938 के प्रावधानों के अनुसार, जीवन बीमा कंपनियां केवल जीवन बीमा कवर ही दे सकती है
- वित्त मंत्रालय को उम्मीद है कि आगामी सत्र में पेश किया जाएगा
- विधेयक का मसौदा तैयार है, इस मंजूरी के लिए मंत्रिमंडल के पास भेजा जाना है




एजेंसी

**नई दिल्ली।** मोदी सरकार 2047 तक सभी के लिए बीमा के लक्ष्य को हासिल करने के लिए आगामी बजट सत्र के दौरान बीमा अधिनियम, 1938 में संशोधन करने वाला विधेयक पेश कर सकती है। सरकारी सूत्रों ने बताया कि संशोधन विधेयक में शामिल किए जाने वाले कुछ प्रावधानों में समग्र लाइसेंस, अंतर पूंजी, सॉल्वेंसी मानदंडों में राहत, कैप्टिव लाइसेंस जारी करना, निवेश नियमों में बदलाव, मध्यवर्तियों के लिए एकमुश्त पंजीकरण और बीमा कंपनियों को अन्य वित्तीय उत्पाद वितरित करने की अनुमति देना शामिल हैं। इस कदम से बैंकिंग क्षेत्र की तरह विभेदित बीमा कंपनियों के प्रवेश की अनुमति दी जा सकती है। बैंकिंग क्षेत्र को वर्तमान सार्वभौमिक बैंक, लघु वित्त बैंक और भुगतान बैंक के रूप में वगीर्कृत किया गया है। समग्र लाइसेंस के प्रावधान से जीवन बीमा कंपनियों को स्वास्थ्य बीमा या सामान्य बीमा पॉलिसियों को अंडरराइट करने की अनुमति मिलेगी। बीमा अधिनियम, 1938 के प्रावधानों के अनुसार, जीवन बीमा कंपनियां केवल जीवन बीमा कवर ही दे सकती हैं, जबकि साधारण बीमा कंपनियां स्वास्थ्य, मोटर, आग लगने जैसे गैर-बीमा उत्पाद दे सकती हैं। इरडा बीमा कंपनियों के लिए समग्र लाइसेंसिंग की अनुमति नहीं देता है। इसके बाद एक बीमा कंपनी एक इकाई के रूप में जीवन और गैर-जीवन, दोनों उत्पाद नहीं दे सकती है। सूत्रों ने बताया कि विधेयक का मसौदा तैयार है, इस मंजूरी के लिए मंत्रिमंडल के पास भेजा जाना है। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्रालय को उम्मीद है कि आगामी सत्र में पेश किया जाएगा। सूत्रों ने बताया कि प्रस्तावित संशोधन मुख्य रूप से पॉलिसीधारकों के हितों को बढ़ावा देने, पॉलिसीधारकों को मिलने वाले रिटर्न में सुधार करने, अधिक प्रतिभागियों के प्रवेश को सुगम बनाने, आर्थिक विकास और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने, बीमा उद्योग की परिचालन और वित्तीय दक्षता बढ़ाने और कारोबारी सुगमता पर केंद्रित हैं। वित्त मंत्रालय ने दिसंबर, 2022 में बीमा अधिनियम, 1938 और बीमा विनियामक विकास अधिनियम, 1999 में प्रस्तावित संशोधनों पर टिप्पणियां आमंत्रित कीं थीं।

## खास खबर

### फियो के अध्यक्ष अश्विनी कुमार ने वित्त मंत्री से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से भारतीय निर्यात संगठनों का महासंघ (फियो) के अध्यक्ष अश्विनी कुमार ने सोमवार को मुलाकात की। वित्त मंत्री कार्यालय ने यह जानकारी दी है। फियो के अध्यक्ष अश्विनी कुमार की वित्त मंत्री से हुई इस मुलाकात के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं मिली है। यह देश का शीर्ष व्यापार संवर्धन संगठन है। इसको वाणिज्य मंत्रालय के तहत भारत सरकार और निजी व्यापार और उद्योग खंड ने 1965 में स्थापित किया था। यह संगठन विदेशी बाजार में भारतीय उद्यमियों और निर्यातकों का प्रतिनिधित्व करने और उनकी सहायता करने के लिए जिम्मेदार है।

### स्विगी और जोमैटो से खाना मंगाना हुआ महंगा

**नई दिल्ली।** फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म स्विगी और जोमैटो के प्लेटफॉर्म से खाना मंगाना थोड़ा और महंगा हो गया है। कंपनी ने अपनी प्लेटफॉर्म फीस बढ़ा दी है। इन कंपनियों ने बेंगलुरु और दिल्ली जैसे मार्केट में ग्राहकों से प्रति ऑर्डर लिए जाने वाले प्लेटफॉर्म फीस को 20 फीसदी बढ़ाकर 6 रुपये कर दिया है। इन बाजारों में पहले इन कंपनियों द्वारा 5 रुपये वसूले जा रहे थे। बेंगलुरु में स्विगी वर्तमान में 7 रुपये का प्लेटफॉर्म फीस भी चीर्ज कर रहा है, जिसे हटा दिया गया है। बता दें कि दोनों कंपनियों ने पिछले साल प्लेटफॉर्म शुल्क शुरू किया था, जो शुरू में 2 रुपये प्रति ऑर्डर था। जोमैटो और स्विगी अपने ओवरऑल राजस्व और मुनाफा बढ़ाने के लिए प्लेटफॉर्म फीस के साथ प्रयोग कर रहे हैं। जनवरी में स्विगी ने सेलेक्टेड यूजर्स के लिए 10 रुपये का प्लेटफॉर्म फीस दिखाई था।

### वीरहेल्थ केयर को 100 करोड़ का राजस्व प्राप्त करने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** वीरहेल्थ केयर को अगले दो से तीन साल में 100 करोड़ रुपये का राजस्व हासिल करने की उम्मीद है। कंपनी ने एक बयान में यह बात कही। बयान में कहा गया कि कंपनी ने 50,000 अमेरिकी डॉलर (करीब 41.50 लाख रुपये) मूल्य का निर्यात ठेका पूरा कर दिया है। इसके अलावा 197,793 अमेरिकी डॉलर (करीब 165 लाख रुपये) मूल्य का एक और निर्यात ठेका जुलाई के अंत तक पूरा कर दिया जाएगा। कंपनी के अनुसार कंपनी को शीर्ष अमेरिकी संस्थागत आपूर्तिकर्ता से 106,673 अमेरिकी डॉलर (करीब 89 लाख रुपये) का अतिरिक्त निर्यात ठेका भी मिला है। समझौते की शर्तों के तहत ठेका तीन महीने के भीतर पूरा किया जाएगा।

### रुपया चार पैसे गिरकर 83.55 डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी बाजार में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच रुपया सोमवार को शुरूआती कारोबार में चार पैसे कमजोर होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.55 पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख और विदेशी पूंजी के प्रवाह से रुपये को समर्थन मिला और गिरावट सीमित रही। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया एक पैसे की बढ़त के साथ 83.53 प्रति डॉलर पर खुला। शुरूआती सौदों के बाद 83.55 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से चार पैसे की गिरावट है।

### हिंडाल्को एकमाया प्रॉपर्टीज को 595 करोड़ में बेचेगी जमीन

**नई दिल्ली।** हिंडाल्को इंडस्ट्रीज महाराष्ट्र के कलवा में एक जमीन 595 करोड़ रुपये में बिड़ला एस्टेट्स प्राइवेट लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी एकमाया प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड को बेचेगी। कंपनी ने 12 जुलाई 2023 को कहा था कि निदेशक मंडल ने महाराष्ट्र के कलवा स्थित जमीन को बिड़ला एस्टेट्स प्राइवेट लिमिटेड को बेचने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। हिंडाल्को इंडस्ट्रीज ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उपरोक्त लेन-देन अब बिड़ला एस्टेट्स प्राइवेट लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी एकमाया प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड के साथ किया जाएगा।

## गूगल 1.92 लाख करोड़ में खरीदेगी साइबर सिक्योरिटी फर्म

**नई दिल्ली।** विश्व की प्रमुख कंपनी में शामिल टेक कंपनी गूगल बहुत जल्द साइबर सिक्योरिटी फर्म विज को खरीदने पर विचार कर रही है। जानकारी के मुताबिक यह डील 23 बिलियन डॉलर में हो सकती है। विज की स्थापना 2020 में हुई थी और सीईओ असफ रैपापोर्ट के नेतृत्व में इसने तेजी से विकास किया है। मई में ही कंपनी ने आईपीओ पर विचार करना शुरू कर दिया था। साइबर सिक्योरिटी क्षेत्र की ये कंपनी 12 बिलियन डॉलर का मूल्यांकन प्राप्त कर चुकी है। विज की क्लाउड सुरक्षा पेशकश साइबर सुरक्षा पेशेवरों को कंपनी की पूर्ण क्लाउड उपस्थिति के बारे में जानकारी देती है, जो महत्वपूर्ण कंप्यूटिंग संसाधनों वाली बड़ी फर्मों के लिए आकर्षक है। इसे ब्लू चिप फर्मों की एक सूची द्वारा समर्थित किया गया है, जिसमें इजराइली वीसी फर्म साइबरस्टार्ट्स, इंडेक्स वेंचर्स, इनसाइट पार्टनर्स और सिकोइया कैपिटल शामिल हैं। यदि यह सौदा पूरा हो जाता है, तो यह गूगल का अब तक का सबसे बड़ा अधिग्रहण होगा।

# थोक मुद्रास्फीति बढ़कर 3.36 प्रतिशत पहुंची



एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश में थोक मुद्रास्फीति जून में लगातार चौथे महीने बढ़कर 3.36 प्रतिशत हो गई। खाद्य वस्तुओं, खासकर सब्जियों तथा विनिर्मित वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि इसकी मुख्य वजह रही। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति मई में 2.61 प्रतिशत थी। जून 2023 में यह शून्य से 4.18 प्रतिशत नीचे रही थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में कहा ?कि जून 2024 में मुद्रास्फीति बढ़ने की मुख्य वजह खाद्य पदार्थों, खाद्य उत्पादों के विनिर्माण, कच्चे रसायन तथा प्राकृतिक गैस, खनिज तेल, अन्य विनिर्माण आदि की कीमतों में वृद्धि रही। आंकड़ों के अनुसार खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति जून में 10.87 प्रतिशत बढ़ी, जबकि मई में यह 9.82 प्रतिशत थी। सब्जियों की महंगाई दर जून में 38.76 प्रतिशत रही, जो मई में 32.42 प्रतिशत थी। प्याज की महंगाई दर 93.35 प्रतिशत रही, जबकि आलू की महंगाई दर 66.37 प्रतिशत रही। दालों की महंगाई दर जून में 21.64 प्रतिशत रही। ईंधन और बिजली क्षेत्र में मुद्रास्फीति 1.03 प्रतिशत रही, जो मई में 1.35 प्रतिशत से थोड़ी कम है। विनिर्मित उत्पादों में मुद्रास्फीति जून में 1.43 प्रतिशत रही, जो मई में 0.78 प्रतिशत से अधिक थी। जून में थोक मूल्य सूचकांक में वृद्धि महीने के खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़ों के अनुरूप थी। पिछले सप्ताह जारी आंकड़ों के अनुसार जून में खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर चार महीने के उच्चतम स्तर 5.1 प्रतिशत पर पहुंच गई।

## सेबी अगले माह सात कंपनियों की 19 संपत्तियों की नीलामी करेगी

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी मंगलम एग्रो प्रोडक्ट्स, सन प्लांट बिजनेस लिमिटेड और सुमंगल इंडस्ट्रीज समेत सात कंपनियों की 19 संपत्तियों की 12 अगस्त को नीलामी करेगा। यह कदम इन कंपनियों द्वारा निवेशकों से अवैध रूप से एकत्र की गई धनराशि को वसूलने के सेबी के प्रयासों का हिस्सा है।भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के अनुसार, नीलामी 12 अगस्त को पूर्वाह्न 11 बजे से दोपहर एक बजे तक ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। सेबी ने सुमंगल इंडस्ट्रीज, सनहेवन एग्रो इंडिया, रविकिरण रियल्टी इंडिया, मंगलम एग्रो प्रोडक्ट्स, पुरुषत्तम इन्फोटेक इंडस्ट्रीज, जीवन साथी ड्रीम प्रोजेक्ट्स और सन प्लांट बिजनेस तथा उनके प्रवर्तकों/निदेशकों के खिलाफ वसूली कार्यवाही में संपत्तियों की बिक्री के लिए बोलियां आमंत्रित कीं।

# देश का निर्यात 2.56 फीसदी बढ़कर 35.20 अरब डॉलर पर




एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश के वस्तुओं का निर्यात जून में 2.56 फीसदी बढ़कर 35.20 अरब अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया। पिछले साल इसी महीने में निर्यात 34.32 अरब डॉलर रहा था। वहीं, जून में कुल वस्तुओं और सेवाओं का संयुक्त निर्यात 65.47 अरब अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है। जून 2024 के लिए कुल आयात (वस्तुओं और सेवाओं) 73.47 अरब अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है, जो जून 2023 की तुलना में 6.29 फीसदी की सकारात्मक वृद्धि को दशार्ता है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया कि पिछले साल इसी महीने में निर्यात 34.32 अरब डॉलर रहा था। जून में आयात करीब पांच फीसदी बढ़कर 56.18 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो पिछले साल की सामान अवधि में 53.51 अरब डॉलर था। इस तरह जून में व्यापार घाटा (आयात और निर्यात का अंतर) 20.98 अरब डॉलर रहा।मंत्रालय के मुताबिक जून 2024 के लिए भारत के कुल (वस्तुओं और सेवाओं) का संयुक्त निर्यात 65.47 अरब अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है, जो जून 2023 की तुलना में 5.40 फीसदी की सकारात्मक वृद्धि है।

## सोना 73,150 और चांदी 92,850 रुपए के करीब



एजेंसी

**नई दिल्ली।** इस सप्ताह सोने और चांदी के वायदा कारोबार की शुरूआत सुस्त रही। दोनों के वायदा भाव सोमवार को गिरावट के साथ खुले। सोने के वायदा भाव 73,150 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 92,850 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। वैश्विक बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव की भी शुरूआत सुस्त रही। सोने के वायदा भाव की शुरूआत आज गिरावट के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अगस्त कॉन्ट्रेक्ट 164 रुपये की गिरावट के साथ 73,105 रुपये के भाव पर खुला। इस समय यह 126 रुपये की गिरावट के साथ 73,143 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरूआत आज सुस्त रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क सितंबर कॉन्ट्रेक्ट 206 रुपये की गिरावट के साथ 92,903 रुपये पर खुला। इस समय यह 267 रुपये की गिरावट के साथ 92,842 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक बाजार में सोने व चांदी के वायदा भाव की शुरूआत गिरावट के साथ हुई। कॉमेक्स पर सोना 2419.30 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला।

# जेवियर एप्टीट्यूट टेस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

XAT
Xavier Aptitude Test

एजेंसी

**जमशेदपुर/रांची।** भारत की सबसे प्रख्यात राष्ट्रीय स्तर की एमबीए प्रवेश परीक्षाओं में से एक जेवियर एप्टीट्यूट टेस्ट (जैट) ने जैट 2025 के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू करने की घोषणा की है। 15 जुलाई 2024 से छात्र इस महत्वपूर्ण परीक्षा के लिए रजिस्टर कर सकते हैं और बिजनेस की डायनामिक दुनिया में उत्कृष्टता की ओर कदम बढ़ा सकते हैं। वे उम्मीदवार जो इस परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन करना चाहते हैं या अधिक जानकारी पाना चाहते हैं, वे जेवियर एप्टीट्यूट टेस्ट (जैट) की आधिकारिक वेबसाईट पर विजिट करें। जेवियर एप्टीट्यूट टेस्ट (जैट) 2024 संस्करण के लिए रजिस्ट्रेशन करने वाले छात्रों की संख्या अप्रत्याशित रूप से बढ़ी थी। 2024 में 135000 छात्रों ने इस परीक्षा के आवेदन किया, जो पिछले वर्षों की तुलना में काफी अधिक था। ये आंकड़े प्रमुख एमबीए प्रवेश परीक्षा के रूप में जेवियर एप्टीट्यूट टेस्ट (जैट) की बढ़ती लोकप्रियता को दशार्ते हैं। इसके जरिए छात्र टॉप बिजनेस स्कूलों में प्रवेश का अवसर पा सकते हैं। इसके अलावा जेवियर एप्टीट्यूट टेस्ट (जैट) की व्यापक पहुंच, 100 से अधिक टेस्ट सेंटर सुनिश्चित करते हैं कि यह देश भर के छात्रों के लिए सुलभ हो। यही कारण है कि यह परीक्षा छात्रों एवं संस्थानों के लिए महत्वपूर्ण विकल्प बन गई है।डॉ राहुल शुक्ला, कन्वेनर एडमिशन्स, जेवियर एप्टीट्यूट टेस्ट (जैट) ने कहा, हम उम्मीदवारों को मैनेजमेन्ट में करियर बनाने के लिए जरूरी कौशल एवं ज्ञान प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाना चाहते हैं। 250 से अधिक कॉलेज अटक और जेवियर एप्टीट्यूट टेस्ट (जैट) से जुड़े हैं और जेवियर एप्टीट्यूट टेस्ट (जैट) का स्कोर स्वीकार करते हैं, ऐसे में यह परीक्षा छात्रों को मैनेजमेन्ट शिक्षा के लिए ढेरों अवसर प्रदान करती है। जेवियर एप्टीट्यूट टेस्ट (जैट) छात्रों को एप्टीट्यूट, लॉजिकल रीजनिंग, लैंगवेज दक्षता एवं निर्णय निर्धारण क्षमता के प्रदर्शन का मौका देती है।

## साई लाइफ साइंसेज आईपीओ से जुटाएगी 800 करोड़

**नई दिल्ली।** निजी इक्विटी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी टीपीजी कैपिटल समर्थित साई लाइफ साइंसेज ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये धन जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के समक्ष प्रारंभिक दस्तावेज दाखिल किए हैं। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष दाखिल आईपीओ दस्तावेजों के अनुसार कंपनी के प्रस्तावित आईपीओ में 800 करोड़ रुपये मूल्य के ताजा शेयर और 6.15 करोड़ शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल है। साई क्वेस्ट सिन के पास वर्तमान में कंपनी की 5.61 प्रतिशत हिस्सेदारी है। टीपीजी के पास 39.69 प्रतिशत शेयरधारिता है।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद




एजेंसी

**मुम्बई।** घरेलू शेयर बाजार सोमवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के बाद भी बैंकिंग शेयरों में खरीददारी बढ़ने और विदेशी कोषों के प्रवाह से बाजार में ये उछाल आया है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 145.52 अंक करीब 0.18 फीसदी ऊपर आकर 80,664.86 पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 84.55 अंक तकरीबन 0.35 फीसदी बढ़कर 24,586.70 के शीर्ष स्तर पर बंद हुआ। दिन के दौरान, यह 132.9 अंक करीब 0.54 फीसदी बढ़कर 24,635.05 के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स के 18 शेयर लाभ के साथ ही ऊपर आये। एसबीआई, एनटीपीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट, एमएंडएम और आईटीसी सेंसेक्स के शीर्ष-5 सबसे अधिक लाभ वाले शेयर रहे। इसके अलावा, बजाज फाइनेंस, टाटा मोटर्स, मारुति, इंडसइंड बैंक, कोटक बैंक, एचसीएल टेक, अदाणी पोर्ट्स, बजाज फिनसर्व, सन फार्मा, भारती एयरटेल, पावर ग्रिड, एलएंडटी और रिलायंस के शेयर भी बढ़ें हैं। दूसरी ओर सेंसेक्स के 12 शेयर नुकसान में रहे। एशियन पेंटर्स, टाटा स्टील, एक्सिस बैंक, जेएसडब्ल्यू स्टील और टेक महिंद्रा के शेयर सबसे अधिक नुकसान में रहे। इसके अलावा टीसीएस, इंफोसिस, नेस्ले इंडिया, टाइटन, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक और एचयूएल के शेयर नीचे आये। वहीं दूनिया भर के बाजारों की बात करें तो एशियाई बाजारों में, सियोल और शंघाई ऊंचे स्तर पर पहुंचे जबकि हांगकांग का बाजार गिरा है। यूरोपीय बाजार भी नीचे आये हैं। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) ने शुक्रवार को 4,021.60 करोड़ रुपये की इक्विटी खरीदी।

# लावा इंटरनेशनल लिमिटेड की नई पेशकश




एजेंसी

**रांची।** भारत में स्मार्टफोन एवं वियरेबल्स का निर्माण करने सबसे प्रमुख स्वदेशी ब्रांड, लावा इंटरनेशनल लिमिटेड ने अपनी नई पेशकश, बिल्कुल नए लावा ब्लेज के लॉन्च के साथ अपनी ब्लेज सीरीज के विस्तार की घोषणा की है। कंपनी ने किफायती स्मार्टफोन सेगमेंट में एक नई मिसाल कायम करते हुए, ब्लेज उको इस सेगमेंट में पहली बार कर्व्ड एमोलेड डिस्प्ले के साथ बाजार में उतारा है। नए ब्लेज को दो बेहतरीन रंगों, यानी स्टारलाइट पर्पल और टाइटेनियम ग्रे में पेश किया गया है। यह स्मार्टफोन 20 जुलाई से लावा ई-स्टोर तथा अमेजन पर उपलब्ध होगा। इस मौके पर लावा इंटरनेशनल लिमिटेड के प्रोडक्ट हेड, सुमित सिंह ने कहा, लावा ब्लेज हमारी सबसे कामयाब सीरीज में से एक रही है, जिसे अव्वल दर्जे की गुणवत्ता और बेहद दमदार स्मार्टफोन के साथ इस इंडस्ट्री की कमी को पूरा करने की सोच के साथ तैयार किया गया है। नया ब्लेज कंपनी की लाइन-अप में शामिल किया गया सबसे नया प्रोडक्ट है, जिसे तीन सबसे अहम कसौटियों- यानी इस सेगमेंट में पहली बार कर्व्ड एमोलेड डिस्प्ले, शानदार परफॉर्मेंस और खूबसूरती को ध्यान में रखकर विकसित किया गया है। मुझे पूरी उम्मीद है कि फैन्स को हमारा नया ब्लेज बेहद पसंद आएगा।

# 19 को खुलेगा सैनस्टार लिमिटेड का आईपीओ

- कंपनी इस आईपीओ के तहत 397.10 करोड़ रुपये के 4.18 करोड़ फ्रेश इक्विटी शेयर जारी करेगी
- कंपनी का इरादा आईपीओ के जरिए 510.15 करोड़ रुपये जुटाने का है
- प्रोडक्ट्स एशिया, अमेरिका, यूरोप और ओशिनिया, और मध्य पूर्व अफ्रीका समेत 45 से ज्यादा देशों में निर्यात किया जाता है




एजेंसी

**मुंबई/नई दिल्ली।** गुजरात के अहमदाबाद स्थित प्लांट बेस्ड स्पेशल प्रोडक्ट बनाने वाली कंपनी सैनस्टार लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 19 जुलाई को सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। निवेशक इसमें 23 जुलाई तक निवेश कर सकते हैं। इसका प्राइस बैंड 90-95 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। कंपनी इसके जरिए 510.15 करोड़ रुपये जुटाना चाहती है। कंपनी ने सोमवार को जारी एक बयान में बताया कि उसका आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए 19 जुलाई को खुलेगा। निवेशक 23 जुलाई तक निवेश कर सकेंगे। इसके लिए न्यूनतम मूल्य दायरा 90-95 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। कंपनी के मुताबिक निवेशक इसमें न्यूनतम 150 इक्विटी शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं। उसके बाद 150 इक्विटी शेयरों के मल्टीपल में बोली लगाई जा सकती है। सैनस्टार ने कहा कि कंपनी इस आईपीओ के तहत 397.10 करोड़ रुपये के 4.18 करोड़ फ्रेश इक्विटी शेयर जारी करेगी। इसके अलावा 113.05 करोड़ रुपये के 1.19 करोड़ शेयरों की बिक्री ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) के जरिए की जाएगी। कंपनी का इरादा आईपीओ के जरिए 510.15 करोड़ रुपये जुटाने का है। कंपनी को आईपीओ लाने के लिए सेबी की मंजूरी मिल चुकी है। कंपनी भारत में खाद्य, पशु पोषण और औद्योगिक इस्तेमाल के लिए प्लांड बेस्ड स्पेशल प्रोडक्ट बनाती है। इसके प्रोडक्ट्स एशिया, अमेरिका, यूरोप और ओशिनिया, और मध्य पूर्व अफ्रीका समेत 45 से ज्यादा देशों में निर्यात किया जाता है। इन सामग्रियों के निर्यात से कंपनी को 30 फीसदी से अधिक राजस्व प्राप्ति होती है। उल्लेखनीय है कि महाराष्ट्र के धुले और गुजरात के कच्छ में स्थित अपनी दो विनिर्माण सुविधाओं के माध्यम से सैनस्टार की स्थापित क्षमता 1,100 टन रोजाना है। कंपनी के इक्विटी शेयरों को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) में सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है।

## एफपीआई ने शेयर बाजारों में 15,352 करोड़ डाले

**मुंबई।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने 12 जुलाई तक घरेलू शेयर बाजारों में 15,352 करोड़ रुपये का निवेश किया है। सरकार की सुधारों को जारी रखने की प्रतिबद्धता और मजबूत घरेलू मांग की वजह से एफपीआई का भारतीय बाजार में प्रवाह बढ़ा है। बाजार के जानकारों ने कहा कि विदेशी निवेशकों के लिए आगामी आम बजट आर्थिक वृद्धि के लिए सरकार की योजनाओं को समझने का सबसे प्रमुख घटनाक्रम है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने इस महीने 12 जुलाई तक शेयरों में 15,352 करोड़ रुपये डाले हैं। इससे पहले जून में उन्होंने शेयरों में 26,565 करोड़ रुपये का निवेश किया था। वहीं आम चुनाव को लेकर असमंजस के बीच एफपीआई ने मई में शेयरों से 25,586 करोड़ रुपये निकाले थे।

# बीसीसीआई की कमाई को लग सकता है बड़ा झटका

## हेल्थ मिनिस्ट्री तंबाकू विज्ञापनों को बंद कराने के मूड में



**नई दिल्ली।** भारत में होने वाले क्रिकेट मैच के दौरान टीवी से लेकर मैदान पर लगे होर्डिंग तक कई तरह के विज्ञापनों का प्रचार किया जाता है। जिससे बीसीसीआई की मोटी कमाई होती है। हालांकि अब हेल्थ मिनिस्ट्री बीसीसीआई को तगड़ा झटका दे सकती है। दरअसल, हेल्थ मिनिस्ट्री मैच के दौरान दिखाए जाने वाले तंबाकू और गुटखों के ऐड्स को बंद कराने के मूड में है। इसको लेकर मिनस्ट्री जल्द ही बीसीसीआई से बात कर सकती है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद और वैश्विक स्वास्थ्य संगठन वाइटल स्ट्रैटेजीज द्वारा किए गए एक अध्ययन में कहा गया था कि 2023 में धूम्ररहित तम्बाकू ब्रांडों के सभी सरोगेट विज्ञापनों में से 41.3% क्रिकेट विश्व कप के अंतिम 17 मैचों के दौरान प्रदर्शित किए गए थे। यह अध्ययन मई में ब्रिटिश मेडिकल जर्नल में प्रकाशित हुआ था। हेल्थ मिनिस्ट्री खासकर उन विज्ञापनों को बंद कराने के मूड में है जिसमें बॉलीवुड हस्तियां और पूर्व क्रिकेटर धूम्ररहित तम्बाकू उत्पाद निर्माताओं द्वारा निर्मित 'इलायची' माउथ फ्रेशनर का प्रचार करते हैं। इंटरनेशनल मैचों के अलावा आईपीएल जैसे लोकप्रिय टूर्नामेंटों की मेजबानी करने वाले कई क्रिकेट मैदानों पर धूम्ररहित तम्बाकू उत्पादों के विज्ञापन प्रदर्शित किए जाते हैं, जिनमें गुटखा - पान मसाला और चबाने वाले तम्बाकू का मिश्रण भी शामिल हैं। लाइवमिंट को मामले से अवगत एक अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर बताया, क्रिकेट मैच युवा आबादी के बीच काफी लोकप्रिय हैं। ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जिनमें क्रिकेट मैचों और सेलिब्रिटी एंडोर्समेंट के दौरान स्मोकलेस तंबाकू के विज्ञापन दिखाए गए हैं।

# पीसीबी ने केंद्रीय अनुबंध पर लिया बड़ा फैसला




छोटा होगा करार, वेतन को लेकर कही यह बात

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने केंद्रीय अनुबंध को लेकर बड़ा फैसला लिया है। बोर्ड ने करार की समय सीमा तीन साल से घटाकर एक साल करने का फैसला किया है। हालांकि, खिलाड़ियों के वेतन में किसी तरह की कोई कटौती नहीं होगी। लाहौर में पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन अकवी द्वारा बुलाई गई बैठक में यह निर्णय लिया गया। इस बैठक में पाकिस्तान के टेस्ट कोच जेसन गिलेस्पी, सीमित ओवरों के कोच गैरी कर्स्टन, चयनकर्ता मोहम्मद यूसुफ और असद शाफिक, सहायक कोच अजहर महमूद और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। बोर्ड ने कहा कि टी-20 विश्व कप में पाकिस्तान टीम के लचर प्रदर्शन के बाद वह अपनी नीतियों में थोड़े बदलाव करने का इरादा रखता है।

### एक साल का अनुबंध

बोर्ड के एक अधिकारी ने कहा, चयनकर्ताओं ने केंद्रीय अनुबंध के वित्तीय हिस्से में कोई बदलाव नहीं करने की सिफारिश की है लेकिन अब अनुबंध संशोधित होकर 12 महीने का होगा जिसमें प्रत्येक 12 महीने में खिलाड़ियों की फिटनेस, बर्ताव और फॉर्म का आकलन किया जाएगा।

### फिटनेस अनिवार्य

पिछले साल पीसीबी के पूर्व अध्यक्ष जका अशरफ की खिलाड़ियों के साथ सहमति बनी थी जिसके तहत केंद्रीय अनुबंध के नियमों और वित्तीय पहलू में तीन साल तक कोई बदलाव नहीं करने की गारंटी थी। पीसीबी ने सभी केंद्रीय और घरेलू अनुबंधित खिलाड़ियों के लिए प्रत्येक तीन महीने में फिटनेस परीक्षण अनिवार्य कर दिया है।

# वनडे-टेस्ट से संन्यास को लेकर रोहित ने तोड़ी चुप्पी




**डलास।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा टी-20 विश्व कप में भारत को मिली खिताबी जीत के बाद अंतरराष्ट्रीय टी-20 से संन्यास की घोषणा कर चुके हैं। रोहित ने कहा था कि वह भारत के लिए वनडे और टेस्ट में खेलते रहेंगे, लेकिन अब उन्होंने भविष्य को लेकर चुप्पी तोड़ी है। गौरतलब है कि भारत ने हाल ही में रोहित की कप्तानी में दक्षिण अफ्रीका को हराकर टी-20 विश्व कप का खिताब जीता था और 11 साल का आईसीसी ट्रॉफी जीतने का सूखा समाप्त किया था। रोहित अमेरिका के डलास में एक कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे थे। रोहित से इस दौरान जब उनके भविष्य को लेकर पूछा गया तो उन्होंने कहा कि वह ऐसे व्यक्ति नहीं हैं जो आगे के बारे में ज्यादा विचार करते हैं, लेकिन भारतीय कप्तान ने आगे भी खेलने की उम्मीद जताई। रोहित ने कहा, मैं पहले भी कह चुका हूं कि मैं ऐसा व्यक्ति नहीं हूं जो ज्यादा आगे की सोचता है। इसलिए यह स्पष्ट है कि आप मुझे आगे भी कुछ समय तक खेलते हुए देखेंगे। रोहित ने टी-20 में 159 मैचों में 4231 रन बनाए और उनके नाम इस प्रारूप में सर्वाधिक पांच शतक लगाने का रिकॉर्ड है। उन्होंने अपने करियर में दो बार टी-20 विश्व कप का खिताब जीता। रोहित 2007 में टी-20 विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा थे और अब खुद की कप्तानी में भी उन्होंने यह खिताब जीता।

### टी-20 से संन्यास लेते वक्त क्या कहा था?

रोहित ने टी-20 विश्व कप के खिताबी मैच के बाद कहा था, अलविदा कहने का इससे बेहतर समय नहीं हो सकता। यह मेरा आखिरी मैच भी था। जब से मैंने इस प्रारूप को खेलना शुरू किया है तब से मैंने इसका आनंद लिया है। मुझे इसका हर पल पसंद आया है। मैं यही चाहता था। मैं कप जीतना चाहता था।

# मेस्सी के पैर में लगी चोट



**मियामी गार्डन्स।** अर्जेंटीना के सुपरस्टार लियोनेल मेस्सी को कोपा अमेरिका फाइनल से जल्दी विदा लेनी पड़ी जब 64वें मिनट में पैर में चोट के कारण वह बाहर हो गई और बाद में बेंच पर बैठे मेस्सी के दाहिने पैर के टखने में काफी सूजन देखी गई। 37 वर्ष के मेस्सी दौड़ते हुए गिरने से चोटिल हो गए। अर्जेंटीना ने फाइनल में कोलंबिया को 1.0 से हराकर रिकॉर्ड 16वीं बार कोपा अमेरिका खिताब जीता। मेस्सी ने गिरने के बाद तुरंत अर्जेंटीना बेंच की ओर देखा। वह कई मिनट तक लेटे रहे जब ट्रेनर आए तो उनकी मदद से अपने दाहिने पैर से जूता निकाला।

## ओलंपिक जाने वाले भारतीय खिलाड़ियों को

# कोहली ने दी शुभकामना




**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट के सुपरस्टार विराट कोहली ने देशवासियों से भारत के ओलंपिक दल की हौसलाअफजाई का आग्रह करते हुए कहा कि 26 जुलाई से पेरिस में शुरू हो रहे ओलंपिक में पदक के लिए जोर आजमाइश करने जा रहे खिलाड़ियों का उनके साथ सभी समर्थन करें। सोशल मीडिया पर करीब एक मिनट के वीडियो में कोहली ने कहा कि अब समय आ गया है कि भारत को खेलों की महाशक्ति के रूप में जाना जाए। वीडियो में ओलंपिक में भारत की पदक उम्मीद भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा, मुक्केबाज निशांत देव शामिल है। कोहली ने कहा, 'एक समय था जब दुनिया भारत को संपेरों और हाथियों के देश के रूप में जानती थी लेकिन अब ऐसा नहीं है। अब हम दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र और सूचना प्रौद्योगिकी का केंद्र हैं।' उन्होंने कहा, 'हम क्रिकेट और बॉलीवुड के लिए , स्टार्ट अप यूनिकॉर्न और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के लिए जाने जाते हैं। अब इस महान देश के लिए अगली बड़ी बात क्या होगी। ज्यादा से ज्यादा स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक।' उन्होंने भारत के खेलप्रेमियों से 118 सदस्यीय भारतीय ओलंपिक दल का समर्थन करने के लिये कहा तो तोक्यो ओलंपिक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन (सात पदक) से बेहतर करना चाहेंगे। कोहली ने कहा, 'हमारे भाई बहन पदक जीतने के लिए पेरिस जा रहे हैं। एक अरब से अधिक भारतवासी रोमांच के साथ उन पर नजरें गड़ाएं होंगे जब वे ट्रैक और फील्ड, कोर्ट या रिंग में उतरेंगे।'

# वॉर्नर ने ले लिया है परमानेंट रिटायरमेंट

## नहीं खेलेंगे चैंपियंस ट्रॉफी

## चीफ सिलेक्टर ने की पुष्टि



**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के चीफ सिलेक्टर जॉर्ज बेली ने इस बात की पुष्टि कर दी है कि डेविड वॉर्नर ने इंटरनेशनल क्रिकेट से परमानेंट रिटायरमेंट ले लिया है। यही वजह है कि अगले साल पाकिस्तान में होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए उनके नाम पर विचार में नहीं किया जाएगा। वॉर्नर ने पिछले साल ही इस बात की पुष्टि कर दी थी कि उनका टी20 वर्ल्ड कप 2024 आखिरी टूर्नामेंट होगा, क्योंकि जनवरी 2024 में उन्होंने टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। उनका आखिरी वनडे इंटरनेशनल मैच वर्ल्ड कप 2023 फाइनल था। हालांकि, उन्होंने कई बार ये कहा था कि अगर बोर्ड चाहेगा तो वे आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में खेलने के लिए तैयार रहेंगे, लेकिन अब चीफ सिलेक्टर ने उनसे आगे बढ़ गए हैं। दरअसल, पिछले महीने टी-20 वर्ल्ड कप 2024 में खुद के और टीम के निराशाजनक प्रदर्शन के साथ उनका टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर समाप्त हो गया था और अब कुछ दिन पहले उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा था, मैं फ्रेंचाइजी क्रिकेट कुछ समय तक खेलता रहूंगा और अगर मुझे टीम में चुना जाता है तो मैं ऑस्ट्रेलिया के लिए चैंपियंस ट्रॉफी खेलने के लिए तैयार हूं। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया के नेशनल सिलेक्टर और पूर्व क्रिकेटर जॉर्ज बेली ने पुष्टि कर दी है कि वॉर्नर ऑस्ट्रेलिया मैनेजमेंट की योजनाओं में नहीं हैं, क्योंकि हम टूर्नामेंट की तैयारी शुरू कर चुके हैं। ईएसपीएनक्रिकइंफो ने जॉर्ज बेली को कोट करते हुए लिखा, हमारी समझ यह है कि डेविड रिटायर हो चुके हैं और तीनों प्रारूपों में उनके अविश्वसनीय करियर के लिए उनकी सराहना की जानी चाहिए। निश्चित रूप से, हमारी योजना यह है कि वह पाकिस्तान में नहीं होंगे। आप कभी नहीं जान सकते कि वह कब मजाक करते हैं। मुझे लगता है कि वह बस थोड़ा सा मसाला पैदा कर रहा है। उसका करियर शानदार रहा है, उसको जश्न मनाना चाहिए। जैसे-जैसे समय बीतता जाएगा, ऑस्ट्रेलिया के लिए उसने जो कुछ किया है और उनकी विरासत को याद किया जाएगा।

# ऑस्ट्रेलिया ने यूके दौरे के लिए किया टीम का ऐलान




**नई दिल्ली।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने सितंबर में होने वाले यूके दौरे के लिए स्क्वॉड का ऐलान कर दिया है। इस टूर पर ऑस्ट्रेलियाई टीम को स्क्वॉटलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ कुल 11 लिमिटेड ओवर मैच खेलने है। ऑस्ट्रेलिया के यूके दौरे का आगाज स्कॉटलैंड के खिलाफ तीन मैच की T20I सीरीज के साथ होगा। इसके बाद कंगारू इंग्लैंड के खिलाफ इतने ही मैच की टी-20 सीरीज के अलावा 5 मैच की वनडे सीरीज खेलेंगे। इस टूर पर कूपर कोनोली और जैक फ्रेजर जैसे युवा खिलाड़ियों की किस्मत चमकी है, वहीं पैट कमिंस जैसे सीनियर खिलाड़ी को आराम दिया गया है। मिचेल स्टार्क और ग्लेन मैक्सवेल का चयन भी सिर्फ इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए हुआ है। दो घरेलू टी-20 टूर्नामेंट में धमाकेदार परफॉर्मेंस देने के बाद 20 साल के कूपर कोनोली को यूके टूर पर टी-20 टीम में जगह मिली है। वहीं जेक फ्रेजर को वनडे और टी-20 दोनों टीम में शामिल किया गया है। फ्रेजर को डेविड वॉर्नर के रिप्लेसमेंट के रूप में देखा जा रहा है, जिन्होंने हाल ही में संन्यास लिया है। मिचेल मार्श दोनों वनडे और टी-20 टीमों की कप्तानी करेंगे, जबकि पैट कमिंस इस साल के अंत में भारत के खिलाफ होने वाली 5 मैच की टेस्ट सीरीज को ध्यान में रखते हुए आराम दिया गया है। मिचेल स्टार्क और ग्लेन मैक्सवेल को भी इंग्लैंड के खिलाफ पांच वनडे मैचों के लिए टीम में शामिल किया गया है, ये दोनों सीनियर खिलाड़ी टी-20 टीम का हिस्सा नहीं है। कोनोली एक डेथ ओवर स्पेशलिस्ट बल्लेबाज हैं, आखिरी के ओवर में वह ताबड़तोड़ बैटिंग करना जानते हैं। आगामी 2026 के वर्ल्ड कप को ध्यान में रखते हुए क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मैथ्यू वेड को बाहर का रास्ता दिखा दिया है, कोनोली उनकी जगह टीम में लेंगे। स्पिन ऑलराउंडर एश्टन एगर को भी स्क्वॉड में जगह नहीं मिली है।

### ऑस्ट्रेलिया टी-20 टीम

मिचेल मार्श (कप्तान), जेवियर बार्टलेट, कूपर कोनोली, टिम डेविड, नाथन एलिस, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, कैमरून ग्रीन, आरोन हार्डी, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, स्पेंसर जॉनसन, मार्कस स्टोइनिस, एडम जाम्पा

### ऑस्ट्रेलिया वनडे टीम

मिचेल मार्श (कप्तान), सीन एबॉट, एलेक्स कैरी, नाथन एलिस, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, कैमरून ग्रीन, आरोन हार्डी, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, मार्नस लैबुशेन, ग्लेन मैक्सवेल, मैथ्यू शॉर्ट, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क, एडम जाम्पा

# शीर्ष पर रहे करूआना




**क्रोसिया।** सुपर यूनाइटेड रैपिड शतरंज टूर्नामेंट के तीनों दिन के खेल के बाद यूएसए के विश्व नंबर 3, फबियानों करूआना, ने अपने बेहतरीन प्रदर्शन को बरकरार रखते हुए कुल 15 अंकों के साथ पहला स्थान हासिल किया। इससे पहले रोमानिया क्लासिक का खिताब अपने नाम करने वाले करूआना इस समय जोरदार लय में नजर आ रहे हैं। तीसरे दिन करूआना ने अपने तीनों मुकाबलों में जीत दर्ज करते हुए किसी को कोई मौका नहीं दिया और रैपिड में पहला स्थान हासिल किया। उन्होंने दिन की शुरुआत भारत के डी गुकेश को मात देकर की और उसके बाद नीदरलैंड के अनीश गिरि और फ्रांस के मकसीम लागरेव को पराजित किया। अब देखना यह होगा कि क्या ब्लिट्ज शतरंज में भी वह अपना यह प्रदर्शन बरकरार रखते हुए एक और खिताब अपने नाम करेंगे। भारत के डी गुकेश ने रैपिड में 9 अंक बनाकर सातवां और विदित ने 4 अंक बनाकर नौवां स्थान प्राप्त किया।

## ओपनर्स में प्रतिस्पर्धा पर बोले शुभमन गिल

# यह अच्छी बात है कि सभी रन बना रहे हैं



**हरारे।** जिम्बाब्वे के खिलाफ टी-20 श्रृंखला में मिली जीत के बाद भारतीय टी20 टीम में सलामी बल्लेबाज की भूमिका के लिए प्रतिस्पर्धा कड़ी हो गई है और इस क्रम के दावेदारों में शामिल शुभमन गिल ने इसे टीम के लिये अच्छा बताया। श्रीलंका के खिलाफ इस महीने के आखिर में तीन टी-20 मैचों में यशस्वी जायसवाल के साथ गिल पारी की शुरूआत कर सकते हैं। जिम्बाब्वे के खिलाफ श्रृंखला में सर्वाधिक रन बनाने वाले गिल टी-20 विश्व कप टीम में शामिल नहीं थे। भारत ने इस श्रृंखला में गिल, जायसवाल, अभिषेक शर्मा और रूतुराज गायकवाड़ के रूप में चार सलामी बल्लेबाजों को उतारा और सभी ने अच्छा प्रदर्शन किया। गिल ने कहा, 'यह अच्छी बात है कि सभी रन बना रहे हैं। इससे साबित होता है कि सभी में रनों की भूख है और कोई भी अपने स्थान को हलके में नहीं लेना चाहता। किसी भी देश के लिए यह अच्छी बात है।' उन्होंने कहा, 'जिसे भी मौका मिला, उसने उसका पूरा फायदा उठाया। सलामी बल्लेबाजों से गेंदबाजों तक, हरफनमौलाओं से स्पिनरों तक सभी ने अपने प्रदर्शन की छाप छोड़ी। चयनकर्ताओं ने देखा है और अब अगली श्रृंखला के लिए टीम चुनना उनका काम है।' कप्तानी के बारे में गिल ने कहा कि उन्होंने इसका पूरा मजा लिया। उन्होंने कहा, 'कप्तानी के बारे में मेरा मानना है कि आप अपने खिलाड़ियों में कितना भरोसा करते हैं। मैं ऐसा करने की कोशिश करता हूं।

# कुलदीप यादव बने ज्योतिषी

## 2-1 की स्कोरलाइन के साथ पहले ही कर दी थी भविष्यवाणी





**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव क्रिकेट छोड़ अब ज्योतिषी बन गए हैं। जी हां, उन्होंने यूरो कप 2024 के विजेता को लेकर जो भविष्यवाणी की थी वो एकदम सटीक बैठी है। कुलदीप यादव ने सिर्फ विजेता टीम का नाम ही नहीं, बल्कि मैच की स्कोर लाइन भी बताई थी। कुलदीप की इस भविष्यवाणी के सच होने के बाद फैंस उन्हें 'नास्त्रेदमस यादव' कहकर पुकार रहे हैं, वहीं कुछ फैंस उनकी तुलना पॉल ऑक्टोपस से भी कर रहे हैं। बर्लिन में यूरो 2024 का फाइनल देखे पहुंचे कुलदीप यादव से जब टीवी प्रजेंटर ने पूछा कि वह आज के मैच में इंग्लैंड या स्पेन में से किसे सपोर्ट कर रहे हैं, तो पहले तो उन्होंने इसका गोल-मोल जवाब दिया। मगर जब टीवी प्रजेंटर ने उन पर जोर डाला तो कुलदीप ने स्पेन के 2-1 से जीतने की भविष्यवाणी कर दी थी। अब उनकी यह भविष्यवाणी एकदम सटीक बैठी है। उनका यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। कुलदीप यादव इस वीडियो में कहते नजर आ रहे हैं, देखें, दोनों ही टीमें इस समय काफी अच्छा खेल रही है। स्पेन इस पूरे टूर्नामेंट में ही शानदार खेली है। अगर वह ऐसे ही खेले तो वो इंग्लैंड को पछाड़ सकती है।

## 57वां बील इंटरनेशनल शतरंज

# प्रज्ञानन्दा और वैशाली करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व



**स्विट्जरलैंड।** बील शतरंज महोत्सव का 57वां संस्करण इस शनिवार से शुरू हो रहा है, जो दुनिया भर के शतरंज प्रेमियों को आकर्षित करेगा। इस बार दो राउंड रॉबिन ग्रांड मास्टर्स टूर्नामेंट होंगे: जीएमटी-मास्टर्स और जीएमटी-चैलेंजर्स, जिनमें प्रत्येक में छह खिलाड़ी भाग लेंगे जो क्लासिकल, रैपिड और ब्लिट्ज में मुकाबला करेंगे । इस टूर्नामेंट में भारतीय खिलाड़ी और विश्व नंबर 8, प्रग्गनानंधा देश का नेतृत्व करेंगे साथ ही 2762 रेटिंग वाले प्रज्ञानन्दा टूर्नामेंट के टॉप सीड होंगे , इस टूर्नामेंट में प्रज्ञानन्दा के अलावा - विन्सेंट केमर (जर्मनी), लियम क्वांग ले (वियतनाम), जावोखिर सिंदारोव (उजबेकिस्तान), हाइक मार्टिरोस्यान (आर्मेनिया) और अभिमन्यु मिश्रा (यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका) भाग लेंगे।

# 'गुटबाजी' से हुआ पाकिस्तान का बंटाधार




**नई दिल्ली।** पाकिस्तान की टीम टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के सुपर 8 में भी नहीं पहुंच पाई तो टीम की आलोचना हुई और टीम पर आरोप लगे कि टीम में कुछ ग्रुपिंग यानी गुटबाजी है और खिलाड़ी एकजुट नहीं हैं। सीनियर खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। इससे टीम में बदलाव होने की संभावना थी। ऐसा जल्द हो सकता है, क्योंकि बोर्ड में भी कुछ बदलाव हो सकते हैं। इतना ही नहीं, चयन समिति के दो सदस्यों को हटा भी दिया गया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के सूत्रों ने बताया है कि बाबर आजम को बाकी खिलाड़ियों से ज्यादा समर्थन नहीं मिला। इसका असर टीम पर पड़ा। दरअसल, टी-20 वर्ल्ड कप 2024 से कुछ समय पहले बाबर आजम को फिर से टी-20 टीम की कप्तानी सौंप दी गई थी, जबकि 2023 के वनडे विश्व कप के बाद उनसे कप्तानी छीन ली गई थी और शाहीन शाह अफरीदी को हैंडओवर कर दी गई थी। हालांकि, एकाएक बोर्ड के चेयरमैन बदले तो फिर बाबर आजम कप्तान बनाए गए। इससे टीम में ग्रुपिंग शुरू हो गई। कप्तान बाबर आजम के लिए सबसे बड़ा चैलेंज भी यही था कि उनको कप्तानी फिर से मिलने पर टीम को एकजुट करना है, लेकिन उनसे ऐसा नहीं हो पाया। शाहीन अफरीदी कप्तानी से हटाए जाने पर निराश थे। बाबर आजम ने भी शाहीन का समर्थन नहीं किया था तो शाहीन ने भी बाबर आजम का पूरी तरह से सपोर्ट नहीं किया। वहीं, मोहम्मद रिजवान इस बात से नाखुश थे कि उनको कप्तानी के लायक नहीं समझा गया। पीटीआई को टीम के एक करीबी सूत्र ने बताया, टीम में तीन ग्रुप हैं, एक का नेतृत्व बाबर आजम कर रहे हैं, दूसरे का शाहीन शाहीन अफरीदी और तीसरे का मोहम्मद रिजवान। इसमें मोहम्मद आमिर और इमाद वसीम जैसे सीनियर खिलाड़ियों की वापसी को जोड़ दें तो विश्व कप के लिए एक डिजास्टर तैयार हो चुका था।

# सांपों का डेरा व गुम चाबियां.... जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार का क्या है रहस्य ?

## 46 साल से बंद खजाने की पूरी कहानी

**हिंदू धर्म में सावन मास का विशेष महत्व है क्योंकि भगवान शिव को यह माह बेहद प्रिय है और शिव भक्त भी सावन मास का बेसब्री से इंतजार करते हैं। इस बार सावन के पहले सोमवार पर बेहद खास संयोग देखने को मिल रहा है, दरअसल इस दिन प्रीति योग, आयुष्मान योग समेत 5 अद्भुत शुभ योग बन रहे हैं, जिससे इस दिन का महत्व और भी बढ़ गया है। इन शुभ योग में भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा अर्चना करने से जीवन के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं और ग्रहों-नक्षत्रों के अशुभ प्रभाव से मुक्ति भी मिलती है। साथ ही शिव कृपा से सुख-शांति और समृद्धि की प्राप्ति होती है।**

भगवान जगन्नाथ मंदिर के दुर्लभ खजाने को आज खोल दिया गया है। इस खजाने को इससे पहले साल 2018 में खोलने की कोशिश की गई थी, लेकिन फिर कोशिश बंद कर दी गई। पिछली बार साल 1985 में इस तहखाने को खोला गया था। इस दौरान राजाओं के मुकुट से लेकर खजानों से भरी तिजोरियां देखने को मिली थीं। दरअसल, रत्न भंडार में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा के कीमती आभूषण और खाने-पीने के बर्तन रखे हुए हैं। खजाने में वो चीजें हैं, जो उस दौर के राजाओं और भक्तों ने मंदिर में चढ़ाए थे। 12वीं सदी के बने मंदिर में तब से ये चीजें रखी हुई हैं। इस भंडारघर के दो हिस्से हैं, एक बाहरी और एक भीतरी भंडार।



खजाने के बाहरी हिस्से को समय-समय पर खोला जाता है। त्योहार या अन्य किसी भी मौके पर खोलकर गहने निकालकर भगवान को सजाया जाता है। रथ यात्रा के समय ये होता ही है। रत्न भंडार का अंदरूनी चैंबर पिछले 46 साल से बंद है। आखिरी बार इसे साल 1978 में खोला गया था। वहीं साल 1985 में भी इन चैंबर को खोला गया, लेकिन इसका मकसद क्या था और भीतर क्या-क्या है, इस बारे में कहीं कुछ नहीं बताया गया।

साल 2018 में विधानसभा में पूर्व कानून मंत्री प्रताप जेना ने एक सवाल के जवाब में कहा था कि आखिरी बार यानी 1978 में इसे खोलने के समय रत्न भंडार में करीब साढ़े 12 हजार भरी (एक भरी 11.66 ग्राम के बराबर होता है) सोने के गहने थे, जिनमें कीमती पत्थर जड़े हुए थे। साथ ही 22 हजार भरी से कुछ ज्यादा के चांदी के बर्तन थे। साथ ही बहुत से और गहने थे, जिनका तब वजन नहीं किया गया था।

साल 2018 में ओडिशा हाईकोर्ट ने सरकार को निरीक्षण के लिए मंदिर का ये कक्ष खोलने का निर्देश दिया था। हालांकि चैंबर की चाबियां नहीं मिल सकी थीं, जिससे पूरे राज्य में नाराजगी देखने को मिली थी। बीते लोकसभा चुनाव में रत्न भंडार (खजाना कक्ष) की गुम हुई चाबियों का मुद्दा उठा था।

जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार को लेकर ओडिशा के लोगों में गहरी आस्था है। जगन्नाथ मंदिर के तहखाने में रत्न भंडार स्थित है। रत्न भंडार में सदियों से भक्तों और पूर्व राजाओं द्वारा दान में दिए गए बहुमूल्य आभूषण रखे हुए हैं। इसे आखिरी बार 14 जुलाई 1985 को खोला गया था।

### 2018 में खजाना खोलने की क्या है कहानी

खबर के मुताबिक, यह साल 2018 था। ओडिशा के पुरी में जगन्नाथ मंदिर के बाहर जमा भीड़ से सोलह लोग अंधेरी गुप्त गली में प्रवेश कर गए। उनके हाथों में टॉर्च और दिल में उत्सुकता थी। भुवनेश्वर से विशेष बचाव कर्मी और सांप पकड़ने वाली टीम बाहर मुस्तैद थी। 16 लोगों की टीम लंबे अंतराल के बाद जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार में प्रवेश कर रही थी। हालांकि, यह अभियान ज्यादा दिन नहीं चला। टीम भगवान जगन्नाथ के रत्न भंडार के मुख्य कक्ष में नहीं जा सकी।

जगन्नाथ पुरी का रत्न भंडार आखिरी बार साल 1985 में खोला गया था। इसमें भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा के आभूषण रखे हुए हैं, साथ ही सोने-चांदी के बर्तन भी हैं। इस खजाने को खोलने के लिए ओडिशा सरकार से अनुमति लेनी पड़ती है। आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के कहने पर हाईकोर्ट ने साल 2018 में इसे खोलने का आदेश दिया था, लेकिन प्रोसेस पूरी नहीं हो सकी थी। इसकी वजह भी बड़ी अजीब बताई गई थी, तब कहा गया था कि चैंबर की चाबी नहीं मिल रही है। ये चाबी नियम के मुताबिक, पुरी कलेक्टर के पास होती हैं। तत्कालीन कलेक्टर अरविंद अग्रवाल थे। उन्होंने माना था कि उनके पास चाबी की कोई जानकारी नहीं। इसके बाद पूरे स्टेट में काफी बवाल मचा था। यहां तक कि तत्कालीन सीएम नवीन पटनायक को दखल देना पड़ा था। उन्होंने इसकी तहकीकात का आदेश दिया था।

इंक्वायरी कमेटी ने लगभग 2 हफ्तों बाद बताया था कि उन्हें एक लिफाफा मिला है, जिसके ऊपर लिखा है- भीतरी रत्न भंडार की डुप्लीकेट चाबियां। इसके साथ ही एक लंबी-चौड़ी रिपोर्ट भी दी गई, लेकिन इसमें क्या लिखा है, ये कभी सार्वजनिक नहीं हो सका। ओडिशा के रत्न भंडार का रहस्य अकेला नहीं है, देश में एक और मंदिर भी है, जिसके दरवाजे के बारे काफी बातें होती हैं।

### इस मंदिर का खजाना भी बना हुआ है रहस्य

केरल का श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर सबसे ज्यादा दौलतमंद मंदिरों में गिना जाता है। कहते हैं कि इसके गुप्त तहखाने में इतना खजाना छिपा है, जिसका कोई अंदाजा भी न लगा सके। ऐसे 7 तहखाने हैं, जिसमें से छह खोले जा चुके हैं, लेकिन सातवें का पट अब भी बंद है। सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में ये दरवाजे खोले गए, जिसमें से काफी खजाना मिला। ये मंदिर ट्रस्ट में जमा करने के बाद जैसे ही सातवें दरवाजे को खोलने की कोशिश की, कई मुश्किलें आने लगीं। इतिहासकार और सैलानी एमिली हैच ने अपनी किताब- त्रावणकोर: एक गाइड बुक फॉर द विजिटर में मंदिर के रहस्यमयी दरवाजों का जिक्र किया था।

# इस बार नाग पंचमी पर बन रहे हैं दो बेहद शुभ योग

सावन का महीना वर्षा ऋतु का होता है और इस माह में सांप भू गर्भ से निकलकर भू तल पर आ जाते हैं। नाग निकलकर किसी को भी आहत ना कर दें, इसलिए नाग पचंमी का पूजा अर्चना की जाती है। बिहार, बंगाल आदि क्षेत्रों में कृष्ण पक्ष की पंचमी तिथि को नाग पंचमी का पर्व पूरे श्रद्धाभाव से मनाया जाता है। शास्त्रों व पुराणों में बताया गया है कि पंचमी तिथि के स्वामी स्वयं नागदेव हैं और इन दिनों सांपों की पूजा करने से मनोवांछित फल की प्राप्ति होगी और घर में सुख-शांति और समृद्धि बनी रहती है।



देश के कई राज्यों में सावन मास के कृष्ण पक्ष की पंचमी तिथि को नाग पंचमी का पर्व मनाया जाता है। नाग पंचमी के दिन पूजा अर्चना करने से जीवन में शुभ फलों की प्राप्ति होती है और सर्प भय से मुक्ति मिलती है। इस बार नाग पंचमी पर दो बेहद शुभ योग भी बन रहे हैं, आइए जानते हैं नाग पंचमी का महत्व, शुभ मुहूर्त और पूजा विधि।

हिंदू धर्म में नाग पंचमी के पर्व का विशेष महत्व है। नाग देवताओं को समर्पित यह पर्व देश के कुछ राज्यों में सावन मास के कृष्ण पक्ष की पंचमी तिथि यानी 25 जुलाई दिन गुरुवार को मनाया जाएगा। वहीं कुछ राज्यों में सावन मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि यानी 9 अगस्त दिन शुक्रवार को मनाया जाएगा।

सावन मास भगवान शिव का प्रिय मास है और इस मास में शिव के गण नाग देवता की पूजा करने का भी विधान हैं। नाग पंचमी पर मुख्य रूप से आठ नाग देवताओं की पूजा की जाती है और वे हैं वासुकि, ऐरावत, मणिभद्र, कालिया, धनंजय, तक्षक, कर्कोटकस्य और धृतराष्ट्र। इनकी पूजा करने से शुभ फलों की प्राप्ति होती है और सर्प भय से मुक्ति मिलती है। आइए जानते हैं नाग पंचमी का महत्व, शुभ मुहूर्त और पूजा विधि...

**नाग पंचमी पर बेहद शुभ योग**

सावन मास के कृष्ण पक्ष की पंचमी तिथि को नाग पंचमी का पर्व मनाया जाता है और इस बार यह शुभ तिथि 25 जुलाई 2024 को है। इस नाग पंचमी की पूजा बिहार, बंगाल उड़ीसा, राजस्थान आदि इन क्षेत्रों में मनाया जाता है। इस दिन शुक्रादित्य योग, शोभन योग का शुभ संयोग भी रहेगा। वहीं शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि यानी 9 अगस्त को देश के अन्य राज्यों में मनाया जाएगा।

**पंचमी तिथि की शुरुआत - 25 जुलाई, सुबह 4 बजकर 40**
**पंचमी तिथि का समापन - 25 जुलाई, मध्य रात्रि 1. 59 बजे तक**

**नाग पंचमी का महत्व**

सावन का महीना वर्षा ऋतु का होता है और इस माह में सांप भू गर्भ से निकलकर भू तल पर आ जाते हैं। नाग निकलकर किसी को भी आहत ना कर दें, इसलिए नाग पचंमी का पूजा अर्चना की जाती है। बिहार, बंगाल आदि क्षेत्रों में कृष्ण पक्ष की पंचमी तिथि को नाग पंचमी का पर्व पूरे श्रद्धाभाव से मनाया जाता है। शास्त्रों व पुराणों में बताया गया है कि पंचमी तिथि के स्वामी स्वयं नागदेव हैं और इन दिनों सांपों की पूजा करने से मनोवांछित फल की प्राप्ति होगी और घर में सुख-शांति और समृद्धि बनी रहती है। इस दिन नाग देवताओं की पूजा करने से कुंडली में मौजूद राहु व केतु से संबंधित दोषों से मुक्ति मिलती है और कालसर्प दोष की पूजा भी करवाई जाती है। पंचमी के दिन इनकी पूजा करने से सभी तरह की रुकावट दूर रहती हैं और मनुष्य को सांपों के भय से मुक्ति भी मिलती है। पुराणों में बताया गया है कि नाग देवता पाताल के स्वामी हैं इसलिए नाग पंचमी या किसी भी अन्य पंचमी के दिन व्यक्ति को भूमि की खुदाई करने से बचना चाहिए।

### पूजा विधि

- नाग पंचमी के दिन सुबह स्नान आदि से निवृत होकर शिवालय में पूजा अर्चना करें और फिर व्रत का संकल्प लें।
- इसके बाद घर के मेन गेट, घर के मंदिर और रसोई के बाहर के दरवाजे के दोनों तरफ खड़िया से पुताई करें और कोयले से नाग देवताओं के चिन्ह बनाएं।
- आजकल नाग देवताओं की फोटो बाजारों में भी मिल जाती है, आप उनका भी प्रयोग कर सकते हैं। इसके बाद पूजा अर्चना करें और दूध अर्पित करें।
- घर के नाग देवताओं की पूजा करने के बाद खेतों या फिर ऐसे स्थान पर दूध का कटोरा रख दें, जहां सांपों के आने की संभावना हो।
- नाग देवता की पूजा पूजा में सेवई और चावल बनाएंगे। फिर ना देवताओं की दूध और जल से स्नान करवाएं और धूप, दीप नैवेद्य अर्पित करें। इसके बाद सच्चे मन से नाग देवताओं का ध्यान करें और फिर आरती करें। आरती करने के बाद नाग पंचमी की कथा का पाठ भी करें।

# क्या है जगन्नाथ मंदिर के उन 3 दरवाजों की कहानी, जो कई साल से थे बंद!

**जगन्नाथ मंदिर में एंट्री के चार दरवाजे हैं, जिनके नाम सिंह द्वार, अश्व द्वार, व्याघ्र द्वार और हस्ति द्वार हैं। पहले आपको बता दें कि जगन्नाथ मंदिर के ये सभी दरवाजे हमेशा से बंद नहीं रहे हैं। ये दरवाजें कुछ साल पहले ही बंद किए गए थे और अब इन्हें वापस खोला गया है। अभी चार दरवाजों में से तीन दरवाजे बंद थे और एक दरवाजा भक्तों की एंट्री और एग्जिट के लिए खुला हुआ था। जिस गेट से अभी भक्तों का आवागमन था, उस गेट का नाम है सिंह द्वार।**

पुरी के जगन्नाथ मंदिर के चारों गेट खोल दिए गए हैं। दरअसल, भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा चुनाव से पहले अपने घोषणापत्र में मंदिर के सभी गेट खोलने का वादा किया था और अब नवनिर्वाचित सरकार ने चारों गेट खोलने का फैसला किया है। अब मंदिर में जाने वाले भक्त चारों गेट से मंदिर में एंट्री ले सकते हैं। नई सरकार की ओर से चारों गेट खोले जाने के बाद अब लोगों के मन में सवाल है कि आखिर पहले रहस्यों से भरे जगन्नाथ मंदिर के इन दरवाजों को बंद क्यों रखा गया था और अब इन गेट्स को खोले जाने के बाद क्या बदलाव होने वाला है...

### मंदिर में एंट्री के 4 दरवाजे हैं

जगन्नाथ मंदिर में एंट्री के चार दरवाजे हैं, जिनके नाम सिंह द्वार, अश्व द्वार, व्याघ्र द्वार और हस्ति द्वार हैं। पहले आपको बता दें कि जगन्नाथ मंदिर के ये सभी दरवाजे हमेशा से बंद नहीं रहे हैं। ये दरवाजें कुछ साल पहले ही बंद किए गए थे और अब इन्हें वापस खोला गया है। अभी चार दरवाजों में से तीन दरवाजे बंद थे और एक दरवाजा भक्तों की एंट्री और एग्जिट के लिए खुला हुआ था। जिस गेट से अभी भक्तों का आवागमन था, उस गेट का नाम है सिंह द्वार।

जगन्नाथ मंदिर के तीन दरवाजों को साल 2019 में कोरोना वायरस महामारी के दौरान बंद किया था। इसे बंद करना का उद्देश्य भीड़ को कंट्रोल करना और सोशल डिस्टेंसिंग मेंटेंन करना था। ऐसे में चारों दरवाजों से होने वाली एंट्री को एक गेट पर सीमित कर दिया था ताकि भीड़ को कंट्रोल किया जा सके और उनकी सुरक्षा का ध्यान रखा जा सके।



साल 2019 से ये गेट बंद थे और बीजेपी ने चुनाव से पहले इन दरवाजों को खुलवाने का वादा किया था। इन पांच साल के दौरान कई बार इन दरवाजों को खोलने की मांग की गई थी। लोगों को कहना था कि एक ही गेट से एंट्री होने की वजह से दर्शन के लिए काफी इंतजार करना पड़ता था।

### क्या है चार दरवाजों की कहानी?

**सिंह द्वार**- ये चारों दरवाजें चार दिशाओं में हैं और इन चारों दरवाजों के नाम जानवरों पर हैं। सिंह द्वार मंदिर की पूर्व दिशा में है, जो सिंह यानी शेर के नाम पर है। ये जगन्नाथ मंदिर में एंट्री करने का मुख्य द्वार है और इसे मोक्ष का द्वार भी कहा जाता है।

**व्याघ्र द्वार**- इस दरवाजे का नाम बाघ पर है, जिसे आकांक्षा का प्रतीक माना जाता है। ये गेट पश्चिम दिशा में है और इस गेट से संत और खास भक्त एंट्री लेते हैं।

**हस्ति द्वार**- हस्ति द्वार का नाम हाथी पर है और यह उत्तर दिशा में है। दरअसल, हाथी को धन की देवी लक्ष्मी का वाहन माना जाता है और लक्ष्मी का प्रतीक है। कहा जाता है कि इस द्वार पर दोनों तरफ हाथी की आकृति बनी हुई है, जिन्हें मुगल काल में उन्हें क्षतिग्रस्त कर दिया गया।

**अश्व द्वार**- अश्व द्वार दक्षिण दिशा में है और घोड़ा इसका प्रतीक है। इसे विजय का द्वार भी कहा जाता है और जीत की कामना के लिए योद्धा इस गेट का इस्तेमाल किया करते थे।

# अब भगवान राम के साथ ले सकते हैं सेल्फी, श्रद्धालु गदगद

अयोध्या में प्रभु राम के विराजमान हुए लगभग 6 महीने पूरे हो चुके हैं। रामलला के विराजमान होने के बाद अब तक करीब 2 करोड़ से ज्यादा राम भक्तों ने पूजा-अर्चना की है। प्रतिदिन एक लाख से ज्यादा की संख्या में भक्त रामलला का दर्शन करने अयोध्या पहुंच रहे हैं। अयोध्या पहुंच रहे सभी भक्तों के मन में इच्छा होती है कि वे प्रभु राम के साथ एक तस्वीर अपने मोबाइल में कैद करें। इसी को ध्यान में रखते हुए राम मंदिर ट्रस्ट ने दर्शन मार्ग पर कई जगह सेल्फी पॉइंट बनाए हैं। जहां देश दुनिया से आने वाले राम भक्त प्रभु राम के साथ सेल्फी लेते हुए नजर आ रहे हैं। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने राम जन्मभूमि पथ पर दो सेल्फी पॉइंट बनवाए हैं, जिसे गर्भ गृह की तरह ही सजाया और संवारा गया है।





राम मंदिर में मोबाइल पर प्रतिबंध होने के बाद श्रद्धालुओं के लिए ट्रस्ट की ओर से यह सुविधा शुरू की गई है। आपको बताते चलें प्रभु राम के विराजमान होने के बाद नवनिर्मित मंदिर में राम भक्त कुछ दिनों तक मोबाइल ले जाते थे, लेकिन धीरे-धीरे सुरक्षा कारण से मोबाइल पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कार्यालय प्रभारी प्रकाश गुप्ता ने बताया कि रामलीला के परिसर में मोबाइल फोन पर प्रतिबंध है। मंदिर परिसर में फोटो और सेल्फी लेने से दर्शन में श्रद्धालुओं को परेशानी हो रही थी। इसी को देखते हुए राम मंदिर ट्रस्ट ने मोबाइल पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया था। लेकिन, अब राम जन्मभूमि पथ पर राम भक्तों के लिए दो जगहों पर सेल्फी पॉइंट बनाया गया है।

कई और जगहों पर भी सेल्फी प्वाइंट बनाए जाने की तैयारी चल रही है। बनारस से अयोध्या आने वाली श्रद्धालु प्रियंका ने बताया कि रामलला के दर्शन के बाद मन प्रफुल्लित हो गया। सेल्फी पॉइंट पर प्रभु राम के साथ सेल्फी ली, बहुत अच्छा लगा। राम मंदिर ट्रस्ट बहुत अच्छा काम कर रहा है। हर भक्त के मन में इच्छा होती है कि वह अपने भगवान के साथ एक फोटो ले सके। ट्रस्ट ने यह इच्छा पूरी की है, ट्रस्ट को धन्यवाद।

# अमिताभ के अभिनय को रवि किशन ने सराहा



भोजपुरी सिनेमा के मेगास्टार और सांसद रवि किशन ने कल्कि 2898 एडी में महानायक अमिताभ बच्चन के अभिनय की तारीफ की है। अमिताभ बच्चन इन दिनों अपनी हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन ने अश्वत्थामा का किरदार निभाया, जिसे लोग बेहद पसंद कर रहे है।

अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी समारोह में अमिताभ बच्चन और रवि किशन के बीच मुलाकारत हुयी। रवि किशन ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह अमिताभ बच्चन को गले लगाते नजर आ रहे हैं। दोनों एक दूसरे की प्रशंसा कर रहे हैं।वीडियो साझा करते हुए रवि किशन ने कैप्शन में लिखा, मैं कल्कि में उनके किरदार की तारीफ कर रहा था और सदी के महानायक अमिताभ बच्चन जी 'लापता लेडीज' के मेरे किरदार मनोहर की तारीफ कर रहे थे। ये बड़े कलाकार और बड़े व्यक्तित्व को दर्शाता है, तभी ना वो सदी के महानायक हैं। उनका ये प्यार आशीर्वाद रूप में बना रहे।

# विवादों से दूर रहना चाहते हैं कार्तिक आर्यन



कार्तिक आर्यन हिंदी सिनेमा में अपनी पहचान बना चुके हैं। अपने अभिनय और अपने लुक्स की वजह से वह अक्सर चर्चा में बने रहते हैं। हाल में ही रिलीज हुई उनकी फिल्म 'चंदू चैंपियन' के लिए उन्हें काफी सराहना भी मिली है। इस फिल्म में उनके अभिनय को दर्शकों और आलोचकों ने काफी सराहा है। फिल्म में अभिनेता ने अपनी बहुमुखी अभिनय क्षमता दिखाई है। फिल्म इंडस्ट्री में विवादों से बचते हुए स्टारडम पाना काफी मुश्किल होता है। कार्तिक भी कई बार विवादों में घिरते नजर आए हैं। हालांकि, उन्होंने ऐसे हालातों को बखूबी संभाला भी है। कार्तिक आर्यन को 'चंदू चैंपियन' के लिए मशहूर निर्माता-निर्देशक करण जौहर से भी तारीफ मिली थी।

उन्होंने इसे अभिनेता के करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन बताया था। हालांकि, उनका नाम पहली बार विवादों में तब आया था, जब दोस्ताना 2 को लेकर उनके और करण जौहर के बीच रचनात्मक टकराव होने की अफवाहें बाहर आई थीं। इसके बाद फिल्म को लेकर धर्मा प्रोडक्शन ने जानकारी दी थी कि इस फिल्म की दोबारा से कास्टिंग होगी। इसके अलावा अपने सह-कलाकारों के साथ कथित रोमांटिक रिश्ते की अफवाहों की वजह से भी उनका नाम चर्चा में लगातार बना रहा। हालांकि, अब अभिनेता ने दावा किया है, वो ऐसी परिस्थितियों से निपटना सीख चुके हैं। अभिनेता ने कहा कि अब उन्होंने चुप रहना सीख लिया है। इसके साथ ही अब वह अपने विचारों को भी फिल्टर करते रहते हैं। अभिनेता ने कहा, मैं अब बहुत गंभीर हो गया हूं। मैं अब बोलने से पहले काफी सोचता हूं,लेकिन लोग अब ये भी ध्यान देते हैं कि ये इतना सोच समझ कर क्यूं बोल रहा है। विवादों को लेकर उन्होंने कहा, मुझे विवादों से जुड़ना या उनके बारे में बातें करना पसंद नहीं। शुरू से ही मेरी यही मानसिकता रही है। मुझे किसी विवाद में अपना नाम शामिल होते देखना अच्छा नहीं लगता, इसलिए मैं ज्यादातर चुप रहता हूं। मैं चाहता हूं कि मेरा काम बोले। कभी-कभी मैं मजाक में भी कुछ कहता हूं, तो वह सुर्खियां बन जाती हैं, इसलिए अब मैंने खुद को थोड़ा शांत कर लिया है।



# सिल्वर कैप गाउन में जाह्नवी कपूर का सिजलिंग अंदाज

अनंत अंबानी-राधिका मर्चेंट के वेडिंग फंक्शन में जाह्नवी कपूर ने अपने ड्रेसिंग सेंस से खूब लाइमलाइट बटोरी। शादी के हर फंक्शन में जाह्नवी कपूर का अलग अंदाज देखने को मिला। अनंत-राधिका के शुभ आशीर्वाद समारोह में जाह्नवी सिल्वर ड्रेस में अपना जलवा बिखेरती हुईं नजर आईं। जाह्नवी कपूर ने अपनी कुछ तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर शेयर की है। इन तस्वीरों में वह शिमरी सिल्वर केप गाउन पहने नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस की इस ड्रेस के साथ पीछे गोल्डन कलर का केप लगा हुआ है। जाह्नवी की ड्रेस पर हैवी कढ़ाई का वर्क है। इस हॉफ शोल्डर ड्रेस में जाह्नवी अपना क्लीवेज फ्लॉन्ट करती दिख रही हैं। जाह्नवी ने ग्लॉसी मेकअप, खुले बालों और कानों में डायमंड के झूमके पहनकर अपना लुक कम्प्लीट किया है। तस्वीरों में जाह्नवी कपूर एक से बढ़कर एक अंदाज में पोज देती दिख रही हैं। इन खूबसूरत तस्वीरों को शेयर करते हुए जाह्नवी ने कैप्शन में लिखा, 'एक दिन सोना, एक दिन हीरा।' जाह्नवी का यह लुक फैंस को काफी पसंद आ रहा है। एक्ट्रेस की इन तस्वीरों पर फैंस जमकर कमेंट कर रहे हैं।

# हार्दिक से अलग होकर नताशा की हुई बुरी हालत



नताशा और क्रिकेटर हार्दिक पांड्या का रिश्ता हर दिन खराब होता जा रहा है। एक तरफ जहां हार्दिक अनंत-राधिका की पार्टी में अनन्या पांडे के साथ डांस करते नजर आए, वहीं नताशा ने इसी बीच एक पोस्ट शेयर किया है।

उन्होंने अपनी फीलिंग्स जाहिर की है। जो सुनकर उनके फैंस भी काफी परेशान हो रहे हैं। नताशा अक्सर अपने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें शेयर करती रहती है। वह अपने बेटे के साथ स्टोरी लगाती रहती हैं। ऐसे ही एक बार फिर नताशा ने बारिश और गाड़ी की एक स्टोरी पोस्ट की है। उन्होंने उसमें एक गाना लगाया हुआ है। जो फिल्म 'गब्बर इज बैक' का 'तेरी मेरी कहानी' बज रहा है। इस पर कई यूजर्स रिएक्शन दे रहे हैं। नताशा के पोस्ट पर एक यूजर ने लिखा, "लगता है नताशा हार्दिक को याद कर रही हैं।" दूसरे ने लिखा, "हार्दिक और नताशा एक हो जाए।" तीसरे ने लिखा, "नताशा तुम अपनी लाइफ में आगे बढ़ जाओ।"

# 'मिसेज' की स्क्रीनिंग के लिए ऑस्ट्रेलिया जाएंगी सान्या



बॉलीवुड अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा इन दिनों अपनी फिल्म 'मिसेज' को लेकर चर्चा में है। अपनी कई फिल्मों से वे लोगों के दिलों में खास जगह बनाने में कामयाब रही हैं। एक्टिंग के अलावा वे डांस के लिए भी काफी मशहूर हैं। यही नहीं, अभिनेत्री सोशल मीडिया पर अपने फनी वीडियोज को लेकर भी काफी पॉपुलर हैं। अब सान्या अपनी फिल्म 'मिसेज' के लिए ऑस्ट्रेलिया जाएंगी। बता दें कि अभिनेत्री की 'फिल्म' मिसेज का मेलबर्न इंडियन फिल्म फेस्टिवल 2024 में प्रीमियर होगा।

सान्या की फिल्म 'मिसेज' साल 2021 में आई निर्माता जियो बेबी की मलयालम फिल्म 'द ग्रेट इंडियन किचेन' का हिंदी रूपांतरण है। फिल्म एक डांसर की जिंदगी पर आधारित थी, जिसकी शादी एक ऐसे परिवार में हो जाती है, जो खुले विचारों का नहीं है। उस पर घर के काम करने के लिए दबाव बनाया जाता है। अंत में वह इसका विरोध करती है। फिल्म की कहानी में सान्या का किरदार शादी के बाद अपनी पहचान की तलाश में जुट जाती है। इस फिल्म में सान्या के अलावा कंवलजीत सिंह और निशांत दहिया भी मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म का निर्माण ज्योति देशपांडे, पम्मी बावेजा और हरमन बावेजा ने किया है। बता दें कि अभिनेत्री सान्या ने मिसेज के लिए न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में फिल्म के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का पुरस्कार जीता था। यही नहीं, उन्होंने इस फिल्म के लिए आईएफएफएम 2024 में बेस्ट एक्ट्रेस नॉमिनेशन भी हासिल किया। निर्देशक आरती कदव ने कहा, 'आईएफएफएम एक लोकप्रिय मंच है। हम यहां 'मिसेज' का प्रीमियर करने के लिए काफी एक्साइटेड।

# फिल्म कल्कि 2898 एडी ने दुनियाभर में किया 1000 करोड़ का कलेक्शन



साउथ सुपरस्टार प्रभास की फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' ने बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित, कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हसन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पाटनी सहित कई शानदार कलाकार हैं। वैजयंती मूवीज द्वारा निर्मित इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड ग्रॉस 1000 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर ली है। फिल्म की सफलता पर प्रभास ने एक वीडियो के जरिए रिएक्शन दिया है। वैजयंती फिल्म्स ने एक्स हैंडल पर प्रभास का एक वीडियो शेयर किया है। क्लिप में प्रभास ने कहा, हाय, आप लोग कैसे हैं? मेरे फैंस, मुझे इतनी बड़ी हिट देने के लिए आपका शुक्रिया। आपको बहुत सारा धन्यवाद। आपके बिना मैं जीरो हूं। नाग अश्विन को भी धन्यवाद, जिन्होंने पांच साल कड़ी मेहनत के बाद इतनी बड़ी फिल्म बनाई। प्रभास ने कहा, मुझे लगता है कि हमें प्रोड्यूसर्स को भी धन्यवाद करना चाहिए। जिस तरह से उन्होंने खर्च किया, उससे हम सभी टेंशन में थे। मैं उन्हें कहता था कि आप कुछ ज्यादा खर्च कर रहे हैं। वह कहते कि नहीं हम बड़ी हिट देने जा रहे हैं, परेशान मत हो। हम हाइएस्ट क्वालिटी फिल्म देनी चाहिए। इसलिए मैं उन प्रोड्यूसर्स को धन्यवाद कहना चाहता हूं। उन्होंने कहा, नाग अश्विन ने हमें भारतीय सिनेमा के महान दिग्गजों के साथ काम करने का अवसर दिया है। अमिताभ सर और कमल सर, हम सब आपको देखकर बड़े हुए हैं और आपसे बहुत कुछ सीखा है। दीपिका को बहुत-बहुत धन्यवाद, सबसे खूबसूरत महिला और हमारे पास इससे भी बड़ा पार्ट 2 है, यह बात आप जानते हैं। फैंस को फिर से धन्यवाद।

# श्री श्री रविशंकर के जीवन से प्रेरित फिल्म बनायेंगे सिद्धार्थ आनंद



बॉलीवुड के जानेमाने निर्देशक सिद्धार्थ आनंद, आध्यातमिक गुरु श्री श्री रविशंकर के जीवन से प्रेरित फिल्म बनाने जा रहे हैं। सिद्धार्थ आनंद एक इंटरनेशनल थ्रिलर फिल्म बनाने जा रहे हैं। यह फिल्म गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी के जीवन की एक सच्ची घटना पर आधारित है, जिसमें उन्होंने कोलंबिया के 52 साल पुराने गृहयुद्ध को बिना एक भी गोली चलाए सुलझा दिया था।

नीतू महावीर जैन ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। यह एक वीडियो पोस्ट है जिसमें श्री श्री रविशंकर को अलग-अलग इंटरनेशनल प्लेटफॉर्म पर सम्मानित किया जा रहा है। नीतू महावीर जैन ने वीडियो पोस्ट शेयर करते हुए जानकारी दी है कि सिद्धार्थ आनंद और महावीर जैन एक इंटरनेशनल थ्रिलर फिल्म बनाने के लिये साथ आ रहे हैं।उन्होंने पोस्ट में बताया है कि इस कहानी को बताना जरूरी है क्योंकि 52 साल पहले गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी की वजह से ही बिना एक भी गोली चलाए कोलंबिया का गृहयुद्ध सुलझा था।इस फिल्म की कहानी लैटिन अमेरिका की पृष्ठभूमि पर आधारित है और इसे दुनिया भर के दर्शकों के लिए बनाया गया है। इसमें दुनिया भर से कई मशहूर कलाकार और क्रू मेंबर्स शामिल हैं।



# प्रेग्नेंसी के 9वें महीने में बेचैन हुईं ऋचा

बॉलीवुड के लोकप्रिय कपल्स में से एक, ऋचा चड्ढा और अली फजल, जल्द ही अपने पहले बच्चे का स्वागत करने जा रहे हैं। इस खबर ने उनके फैंस और फिल्म इंडस्ट्री में खुशी की लहर दौड़ा दी है। इन दिनों अपनी प्रेग्नेंसी के 9वें महीने में, ऋचा चड्ढा ने सोशल मीडिया पर एक इमोशनल पोस्ट साझा की, जिसमें उन्होंने अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। ऋचा चड्ढा ने इंस्टाग्राम पर अपनी फोटोज साझा करते हुए लिखा, "ये असहजता अकेलेपन का एहसास दिलाती है, वो इसलिए क्योंकि मैं अकेले नहीं हूं। अब मेरे साथ कोई और भी है। मुझे किसी हलचल, एक अचानक किक के साथ ये एहसास होता रहता है कि जैसे कोई मुझे सुन रहा है। अब आजा यार।" इस पोस्ट से यह साफ झलकता है कि ऋचा अपने बेबी का बेसब्री से इंतजार कर रही हैं और इस वक्त उन्हें तन्हाई का एहसास हो रहा है। ऋचा के इस पोस्ट पर उनके फैंस और दोस्तों ने ढेर सारा प्यार और समर्थन दिखाया है। कई यूजर्स ने उनके साथ सहानुभूति जताई और इस समय को एन्जॉय करने की सलाह दी। एक यूजर ने लिखा, "इस असहजता को एन्जॉय करो। बाद में तुम इसे काफी मिस करोगी।" ताहिरा कश्यप, जिन्होंने हाल ही में 'शर्माजी की बेटी' के साथ बतौर निर्देशक डेब्यू किया, ने लिखा, "आजा यार!" सैफ अली खान की बहन और ज्यूलरी डिजाइनर सबा अली खान ने भी ऋचा की फोटोज पर हार्ट एमोजी के साथ रिएक्ट किया। वर्क फ्रंट की बात करें, तो ऋचा चड्ढा को इस साल संजय लीला भंसाली के निर्देशन में बनी सीरीज 'हीरामंडी' में देखा गया था।

# इश्क का पाठ पढ़ाने फिर आ रहीं तापसी पन्नू



*साल 2021 में रिलीज हुई तापसी पन्नू, विक्रांत मैसी और हर्षवर्धन राणे की फिल्म 'हसीन दिलरुबा' को काफी पसंद किया गया था। इस रोमांटिक थ्रिलर फिल्म में प्यार, धोखा और अपराध की दिल दहला देने वाली कहानी देखने को मिली थी। इस फिल्म के सीक्वल 'फिर आई हसीन दिलरुबा' का फैंस काफी समय से इंतजार कर रहे हैं। वहीं अब मेकर्स ने 'फिर आई हसीन दिलरुबा' की रिलीज डेट से पर्दा उठा दिया है। मेकर्स ने एक वीडियो शेयर कर फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा की है। यह फिल्म फिल्म 9 अगस्त को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज की जाएगी। वीडियो में फिल्म के सभी कलाकारों के पोस्टर नजर आ रहे हैं। तापसी के पोस्टर पर लिखा है, 9 अगस्त को टपकेगा खून, आएगा कातिलाना मानसून। विक्रांत के पोस्टर पर लिखा है, 9 अगस्त की हसीन रात दिलरुबा के साथ। वहीं सनी के पोस्टर पर लिखा है, 9 अगस्त को दिल पिघलेंगे, इश्क का जहर निगलेंगे। वीडियो के आखिरी में लिखा है, सबको इश्क का पाठ पठाने फिर आई हसीन दिलरुबा। फिल्म का टीजर शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा, '9 अगस्त की हसीन शाम, दिलरुबा के नाम।' फिल्म हसीन दिलरुबा में सनी कौशल और जिमी शेरगिल भी नजर आने वाले हैं। फिल्म का निर्देशन जयप्रद देसाई ने किया है। बता दें कि 'हसीन दिलरुबा' नेटफ्लिक्स पर भारत में सबसे ज्यादा देखी जाने वाली फिल्में में से एक थी। फिल्म में रानी और ऋषभ, नील की हत्या कर देते हैं और इसे ऋषभ की लाश साबित कर देते हैं। फिल्म एक रोमांचक मोड़ पर खत्म होती है, जहां पता लगता है कि ऋषभ जिंदा होता है। अब इसके अगले भाग में कहानी वहीं से आगे बढ़ेगी।*

# 30 करोड़ का राशन डकार चुके हैं आठ हजार अपात्र

**नोएडा (चेतना मंच)।** प्रशासन की लापरवाही के कारण अब तक गौतमबुद्धनगर में 8 हजार अपात्र कार्डधारक जनपद में 8 हजार आयकर दाता राशन कार्ड धारक हर माह 65 लाख रूपये का राशन डकार रहे हैं। यह गोरखधंधा प्रति वर्ष 2 लाख वार्षिक आय वाले ही प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का लाभ उठा सकते हैं।



## जांच के बाद रिकवरी की होगी कार्रवाई, कार्ड होंगे निरस्तः डीएसओ

पिछले तकरीबन 4 वर्षों से चल रहा है।

जिलापूर्ति अधिकारी ने बताया कि खाद्य एवं रसद आयुक्त द्वारा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का लाभ ले रहे 8 हजार अपात्रों की सूची जारी की गई है। ये सभी राशन कार्डधारक आयकर दाता हैं। जांच के बाद सभी का राशनकार्ड निरस्त किया जाएगा। इस दौरान हुए नुकसान का भी करीब 30 करोड़ से अधिक का राशन डकार चुके हैं।

जिला पूर्ति अधिकारी ओमहरि उपाध्याय की माने तो आंकलीन किया जा रहा है। दरअसल विभाग द्वारा शहरी क्षेत्र में प्रति वर्ष 3 लाख का वार्षिक आय तथा ग्रामीण क्षेत्र में

आयकर दाता राशनकार्ड धारक पिछले 4 वर्षों से राशन उठा रहे हैं। ये लोग प्रति माह करीब 65 लाख रू0 का राशन अवैध तरीके से डकार रहे हैं। 4 वर्षों में यह आंकड़ा करीब 31 करोड़ 20 लाख रूपये बैठता है। इसका अर्थ यह है कि अपात्र 8 हजार राशनकार्ड धारक 4 वर्षों में शासन का 31 करोड़ रूपये का राशन डकार चुके हैं।

बता दें कि जनपद गौतमबुद्धनगर में करीब 2 लाख 9 हजार राशनकार्ड धारक हैं। वहीं इतने राशन कार्ड धारकों के राशन बांटने के लिए 367 कोटेदार हैं। इसमें दादरी में 124, जेवर में 86 तथा नोएडा में 68 दुकाने हैं। दादरी शहर में 89 राशन दुकाने हैं।

# आद्विक जैन व रौनक दमानी गोल्ड मेडल से सम्मानित

## राजस्थान कल्याण परिषद का बाल प्रतिभा समारोह सम्पन्न

**नोएडा (चेतना मंच)।** राजस्थान कल्याण परिषद नोएडा का बाल प्रतिभा सम्मान समारोह में सामुदायिक केंद्र सेक्टर 56 में संपन्न हुआ। जिसमें 49 छात्र-छात्राएं फोटो युक्त सर्टिफिकेट और पुरस्कार संस्था के वर्तमान और पूर्व अध्यक्षों के हाथों से पाकर बहुत खुश हुए। कार्यक्रम में 10वीं की परीक्षा में आद्विक जैन और 12वीं में रौनक दमानी को सर्वोत्तम अंक लाने पर राजेश खंडेलवाल के हाथों गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया। इसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम तहत बच्चों ने देश के महानायकों की वेशभूषा मे प्रस्तुति दी, नृत्य गीत और बच्चों के लिए जादूगर के खेल का भी आयोजन किया गया।

संस्था के अध्यक्ष जुगल किशोर ने बताया कि आज बच्चों का कार्यक्रम बच्चों के द्वारा थीम पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन दृष्टि गोयल और तन्वी गर्ग द्वारा किया गया

इस मौके पर जी.पी.केडिया, महेंद्र शाह, ओपी बंसल, जीसी पारीक, अंजनी सर्राफ, अरविंद बैद, प्रकाश ईनाणी, अरविंद सोनी, राजेश खंडेलवाल, निशु गुप्ता, निर्मल भुतोडिया, जीवन जैन, विनय सोनी, राजेंद्र कुमार गोयल मौजूद थे। कार्यक्रम के समापन पर संस्था के महासचिव निशु गुप्ता द्वारा सभी सदस्यों का धन्यवाद किया गया।



# नोएडा सीईओ को शहर में दिखी गंदगी कंपनी पर लिया एक्शन, 5 लाख का जुर्माना




**नोएडा (चेतना मंच)।** सफाई में लापरवाही पाये जाने पर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डा. लोकेश एम ने मैसर्स लायंस सर्विसेज पर 5 लाख रूपये का जुर्माना ठोंकने के आदेश दिये हैं। यह कार्रवाई सेक्टर-15 तथा 16 मेट्रो स्टेशन के नीचे गंदगी पाये जाने पर की गई। इसके अलावा सीईओ ने सेक्टर-16 मेट्रो स्टेशन तथा सेक्टर-16 मोटर मार्केट में सड़क पर कूड़े के ढ़ेर तथा गंदगी पाये जाने पर श्रम आपूर्तित सुपरवाइजर का वेतन रोकने तथा स्वास्थ्य निरीक्षक को प्रतिकूल प्रविष्टि तथा परियोजना अभियंता (जनस्वास्थ्य प्रथम) को चेतावनी दिये जाने के निर्देश दिये।

दरअसल आज सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने के लिए सीईओ ने कई सेक्टरों का दौरा किया था। इस दौरान उन्होंने सेक्टर-15 व 16 मेट्रो स्टेशन तथा नया बांस गांव के क्षतिग्रस्त फुटपाथों की मरम्मत तथा कच्चे भाग में टाइल्स लगाने के निर्देश दिये। उन्होंने खाली भूखंडों पर बनी झुग्गियां हटाने के भी निर्देश दिये। सीईओ डा. लोकेश एम ने चार मुख्य मार्गों को स्वच्छ रखने व विद्युत कार्य तथा नियमित पर्यवेक्षण के लिए 4 नोडल अधिकारी नियुक्ति किए।

एमपी-1 मार्ग तथा सेक्टर-94-126 तक मार्ग, जेपी फ्लाईओवर से यमुना पुस्ता तक एसीईओ संजय खत्री, अशोक नगर से सेक्टर-37 अंडरपास तक डीएससी मार्ग के लिए ओएसडी महेन्द्र प्रसाद, एमपी-2 मार्ग के लिए एसीईओ वंदना त्रिपाठी तथा एमपी-3 मार्ग के लिए एसीईओ सतीश पाल को नोडल आधिकारी बनाया गया है।

# वद्धाश्रम में सभी मूलभूत सुविधाएं, स्वास्थ्य सेवाएं रखी जाए सुदृढ़ : डीएम

**नोएडा (चेतना मंच)।** जनपद में स्वयंसेवी संस्था जन कल्याण परिषद कानपुर द्वारा दनकौर में संचालित वृद्धाश्रम में निवास कर रहे वृद्ध जनों को वृद्ध आश्रम में सभी मूलभूत सुविधाएं एवं स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर ढंग से प्राप्त होती रहे इस उद्देश्य से जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कलेक्ट्रेट सभागार में वृद्ध आश्रम संचालन एवं उन्नयन के लिए गठित की गई अनुश्रवण समिति की बैठक की अध्यक्षता की।



जिला समाज कल्याण अधिकारी ने जिलाधिकारी को बैठक में अवगत कराया कि वर्तमान में वृद्ध आश्रम में लगभग 100 वृद्धजन निवास कर रहे हैं, जिन्हें निशुल्क रहने, खाने एवं प्राथमिक उपचार की सुविधा दी जा रही है। उन्होंने बताया वृद्ध जनों की सुविधा के लिए वृद्ध आश्रम में कुल 16 कर्मचारी विभिन्न कार्य कर रहे हैं।

बैठक में समिति के सदस्यों द्वारा अपने-अपने सुझाव जिलाधिकारी के समक्ष रखें, जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि आपके द्वारा दिए गए सुझावों पर विचार कर क्रियान्वन किया जाएगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित वृद्ध आश्रम के संवासी से वृद्ध आश्रम में दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की, जोकि संतोषजनक प्राप्त हुई।

बैठक में जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र बहादुर सिंह, एसीपी मुख्यालय बृजेश कुमार, एसीएमओ टीकम सिंह, नायब तहसीलदार रामकृष्ण, वृद्ध आश्रम प्रबंधक निशा सिंह, पूर्व प्रधान ग्राम निठारी विमलेश शर्मा तथा अन्य संबंधित अधिकारी व समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# मीटर रीडिंग और बकाया वसूली में न हो उत्पीड़न : योगी

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए है कि मीटर रिडिंग और बकाया वसूली के नाम आम उपभोक्ता का किसी भी कीमत पर उत्पीड़न न किया जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को ऊर्जा विभाग के मंत्री की उपस्थिति में प्रदेश में बिजली उत्पादन, पारेषण और वितरण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए भविष्य के दृष्टिगत जारी प्रयासों की समीक्षा की। बैठक में उत्तर प्रदेश पॉवर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के साथ-साथ सभी डिस्कॉम के वरिष्ठ अधिकारियों और अभियन्ता भी शामिल रहे।

ऊर्जा विभाग के अधिकारियों के साथ हुई बैठक में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में बीते 7 सालों में प्रदेश में सबको बिजली-निर्बाध बिजली का संकल्प पूरा हो रहा है। हर गांव-हर मजरे तक बिजली उपलब्ध पहुंचाई गई है। यह सुखद है कि आज बिना किसी भेदभाव अथवा वीआईपी कल्चर के आपूर्ति की जा रही है। इस बार भीषण गर्मी के बीच आम जन की सुविधा के लिए अतिरिक्त प्रयास करते हुए 15 मार्च से 30 जून तक पूरे प्रदेश में 24 घंटे बिजली आपूर्ति की गई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न हाइड्रो पॉवर प्रोजेक्ट के अतिरिक्त प्रदेश में अनपरा, हरदुआगंज, ओबरा, पारीछा और जवाहरपुर में 22 थर्मल परियोजनाएं



सफलतापूर्वक चल रही हैं। घाटमपुर, पनकी, ओबरा-सी और जवाहरपुर में निर्माणाधीन इकाइयों का कार्य तेजी के साथ पूरा करा लिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि एनटीपीसी के साथ संयुक्त उपक्रम के रूप में स्थापित हो रही ओबरा डी, अनपरा ई और मेजा तापीय परियोजना-द्वितीय चरण के अलावा, टीएचडीसी के साथ निर्माणाधीन खुर्जा तापीय परियोजना का कार्य तेज किये जाने की अपेक्षा है। इन प्रयासों से प्रदेश की विद्युत उत्पादन क्षमता में ब ?ोतरी होगी। उन्होंने कहा कि रिहंद बांध, ओबरा जलाशय तथा इसके आस पास के क्षेत्र में पम्प स्टोरेज प्लांट स्थापित किये जाने की संभावना का अध्ययन कराया जाए। मुख्यमंत्री योगी ने अधिकारियों से कहा कि बिजली की मांग तेजी से बढ़ रही है। वर्ष 2018-19 में एक दिन में सर्वाधिक 20062 मेगावॉट की मांग रही, जो इस सत्र में 13 जून को 30618 मेगावॉट तक पहुंच गई थी। आमजनता की आवश्यकता के दृष्टिगत इस वर्ष गर्मी के मौसम में निर्बाध बिजली आपूर्ति की गई। मांग के सापेक्ष पर्याप्त बिजली आपूर्ति कराया जाना सुनिश्चित कराएं। हर घर बिजली-निर्बाध बिजली के संकल्प की पूर्ति में विद्युत पारेषण तंत्र को और बेहतर किया जाना आवश्यक है। नए सब स्टेशन स्थापित करने से पूर्व वहां की आवश्यकता का अध्ययन जरूर किया जाए। अगले पांच वर्ष की आवश्यकता के अनुरूप लक्ष्य निर्धारित करते हुए नए सब स्टेशनों की स्थापना कराई जाए।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गांव हो या नगरीय क्षेत्र ट्रांसफार्मर खराब हो तो बिना विलंब तत्काल सुधार होना चाहिए। आवश्यकतानुसार नया ट्रांसफार्मर भेजा जाए। तय समय सीमा का क ?ाई से अनुपालन कराया जाए। ट्रांसफार्मर की मरम्मत करने वाली एजेंसियों के कार्यों का भी अवलोकन किया जाना चाहिए। टॉल फ्री नंबर/हेल्पलाइन पर आने वाली हर कॉल अटेंड करें। हर उपभोक्ता की समस्या का यथोचित समाधान किया जाना चाहिए। बिजली कनेक्शन चार्ज तय करने को लेकर प्राय: लोगों में असंतुष्टि देखी गई है। यह आवश्यक है कि इसमें एकरूपता हो। इसके लिए नियमों में सुधार करें।

## यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के लिए रोड शो

# उत्तर प्रदेश के बाजार पर दुनिया की नजर

**नोएडा (चेतना मंच)।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सितंबर-2024 में आयोजित किए जाने वाले यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो को इस वर्ष मेगा स्तर पर आयोजित करने की तैयारी है। दुनिया भर की नजर उत्तर प्रदेश के बाजार पर टिकी हुई है। इसका लाभ उठाने के लिए उत्तर प्रदेश की योगी सरकार बड़े स्तर पर काम कर रही है।

उत्तर प्रदेश सरकार और इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट ने संयुक्त रूप से नई दिल्ली में होटल रॉयल प्लाजा में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2024 की तैयारियों को आगे बढ़ाते हुए एक रोड शो का आयोजन किया। यह राज्य का अब तक का सबसे बड़ा सोर्सिंग इवेंट है, जिसे उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा इंडिया एक्सपो सेंटर और मार्ट के सहयोग से ग्रेटर नोएडा में आयोजित किया जा रहा है। यूपीआईटीएस 2024 रोड शो का आयोजन अधिकाधिक लोगों, विशेष रूप से घरेलू खरीदारों को इस कार्यक्रम में शामिल करने के लिए किया गया है।

उल्लेखनीय है कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो, उत्तर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापार और व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार की एक महत्वाकांक्षी पहल है। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस) 2023 की अभूतपूर्व सफलता को ध्यान में रखते हुए वर्ष-2024 में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो को बड़े स्तर पर करने की तैयारी है।

इस कार्यक्रम ने वैश्विक मंच पर उत्तर प्रदेश की उभरती हुई ताकत को रेखांकित किया। पहले संस्करण में 500 से अधिक विदेशी खरीदारों, 70,000 घरेलू खरीदारों को आकर्षित किया और कुल मिलाकर 300,000 से अधिक आगंतुकों को आकर्षित किया। इसमें राज्य की %आत्मनिर्भर भारत% दृष्टि के प्रति प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए, %एक जिला, एक उत्पाद% (ओडीओपी) जैसी योजनाओं की सफलता की कहानियाँ साझा की गईं।

इस रोड शो का नेतृत्व उत्तर प्रदेश सरकार के एम.एस.एम.ई. और निर्यात संवर्धन, हथकरघा और वस्त्र और खादी और ग्रामोद्योग विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ किया।

प्रेस वार्ता में आलोक कुमार, प्रमुख सचिव एमएसएमई और निर्यात संवर्धन विभाग; पवन अग्रवाल, संयुक्त आयुक्त (निर्यात), उत्तर प्रदेश निर्यात संवर्धन परिषद, यूपी सरकार; राजेश कुमार, आयुक्त और निदेशक, उद्योग और उद्यमिता संवर्धन निदेशालय, यूपी सरकार और राजकमल यादव, अतिरिक्त आयुक्त, उद्योग




और उद्यमिता संवर्धन निदेशालय, यूपी सरकार, ने संबोधित किया और यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के दूसरे संस्करण का परिचय दिया, जो 25 से 29 सितंबर 2024 तक इंडिया एक्सपो सेंटर और मार्ट के परिसर में आयोजित किया जाएगा।

उत्तर प्रदेश सरकार के आयुक्त और निदेशक, उद्योग और उद्यमिता संवर्धन निदेशालय, राजेश कुमार ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि यूपीआईटीएस 2024 पूरे उत्तर प्रदेश के उत्पादों और उद्योगों की पूरी श्रृंखला को प्रदर्शित करने के लिए एक व्यापक मंच के तौर पर उभरा है, यह एक महत्वपूर्ण कदम है। इस कार्यक्रम ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर व्यवसायों और वैश्विक खरीदारों के बीच संबंध स्थापित करने के लिए एक विशेष मंच की आवश्यकता को पूरा किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यूपीआईटीएस 2024 व्यापारियों और उद्यमियों की सामूहिक में अपेक्षाओं को पूरा करेगा और उससे आगे बढ़ेगा।

आलोक कुमार, एमएसएमई विभाग के प्रमुख सचिव ने अपने संबोधन में सभी से दूसरे यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में भाग लेने का अनुरोध किया, जो उत्तर प्रदेश के निर्माताओं को न केवल पूरे देश में बल्कि पूरी दुनिया में बड़े बाजारों से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि पहले संस्करण के आयोजन में हमें कुछ आशंकाएँ थीं, इसके बावजूद हमें शानदार प्रतिक्रिया मिली, लेकिन इस बार हम उत्तर प्रदेश की क्षमता को प्रदर्शित करने के लिए एक भव्य कार्यक्रम आयोजित करने के लिए अधिक आत्मविश्वास से भरे हुए हैं।

उत्तर प्रदेश सरकार के निर्यात संवर्धन ब्यूरो के संयुक्त आयुक्त (निर्यात) पवन अग्रवाल ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया। उन्होंने यूपीआईटीएस 2024 से जुड़ने के लिए समय निकालने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

आईईएमएल के अध्यक्ष, डॉ. राकेश कुमार ने मेगा ट्रेड शो के आयोजन के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दी गई सभी सहायता के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस बार हम उन श्रेणियों और क्षेत्रों को शामिल करेंगे जो पिछली बार किसी कारणवश शामिल नहीं हो पाए थे।

रोड शो में उत्तर प्रदेश सरकार के अतिरिक्त आयुक्त राजकमल यादव, इंडिया एक्सपो सेंटर और मार्ट के वरिष्ठ अधिकारी, सुदीप सरकार, सीईओ, इंडिया एक्सपो सेंटर और मार्ट व उद्यमी शामिल हुए।

यूपीआईटीएस 2024 अपने पूर्ववर्ती संस्करण द्वारा रखी गई ठोस नींव पर, उम्मीदों से अधिक प्रदर्शन करने का लक्ष्य रखता है। यह एक अद्वितीय सोर्सिंग प्लेटफॉर्म होने होने के नाते यह ट्रेड शो सरकारी अधिकारियों, नीति निर्माताओं, उद्योग के नेताओं, उद्यमियों और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों को एक साथ लाएगा है, जिससे सहयोग के अवसर पैदा होंगे और उत्तर प्रदेश की शिल्प कौशल, नवाचार और व्यावसायिक क्षमता के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का अवसर मिलेगा।

रोड शो ने एक विविध दर्शकों को आकर्षित किया, जिसमें उत्तर प्रदेश के एमएसएमई और निर्यात संवर्धन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, विभिन्न फोकस क्षेत्रों के प्रतिनिधि, व्यापार संघ, वाणिज्य मंडल, दूतावास और विदेशी मिशनों के प्रमुख शामिल थे। इस रोड शो ने व्यापार प्रतिनिधियों और संगठनात्मक नेताओं की सकारात्मक प्रतिक्रिया ने आगामी यूपीआईटीएस 2024 के लिए उच्च स्तर की प्रत्याशा और रुचि को रेखांकित किया।

